मंगलवार, 31 मार्च 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 21 – 31 |
| आर्द्रता | 70% |
| सूर्योदय: 05:31 | सूर्यास्त: 17:51 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, चैत्र शुक्लपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : प्रेम व्यक्ति के भीतर एक सक्रिय शक्ति का नाम है।



युगों-युगों तक मार्गदर्शन करती रहेगी भगवान महावीर की अमृतवाणी पृष्ठ 2









# बंगाल चुनाव पहचान की लड़ाई, जीत के बाद ‘दिल्ली पर कब्जा’ का लक्ष्य: ममता बनर्जी

**देबरा की रैली में ममता बनर्जी ने भाजपा पर बंगाल की संस्कृति और चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने का आरोप**

**बंगाल में जीत के बाद देशभर को एकजुट कर ‘दिल्ली पर कब्जा’ की दिशा में काम करने की बात कही**

**देबरा :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को अपने चुनाव प्रचार के दौरान बंगाली पहचान, मतदाता सूची के एसआईआर और तृणमूल कांग्रेस की राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं के मुद्दे उठाए और घोषणा की कि अगले महीने चुनाव जीतने के बाद उनकी पार्टी दिल्ली पर कब्जा करने की दिशा में काम करेगी। पश्चिम मेदिनीपुर के देबरा में एक रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने चुनाव को केवल बंगाल में सत्ता के लिए मुकाबले के रूप में नहीं, बल्कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा राज्य को राजनीतिक, सांस्कृतिक और चुनावी रूप से नियंत्रित करने के प्रयास के खिलाफ लड़ाई के रूप में वर्णित किया। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा, पश्चिम बंगाल में जीत के बाद, हम दिल्ली पर कब्जा करने के लिए पूरे देश को एकजुट करेंगे। बनर्जी की इन टिप्पणियों से यह साफ झलकता है कि वह देशभर में भाजपा के खिलाफ एक प्रमुख आवाज के रूप में खुद को स्थापित करने की कोशिश कर रही हैं। बनर्जी के आरोपों का मुख्य बिंदु यह था कि केंद्र और निर्वाचन आयोग राज्य सरकार को कमजोर करने के साथ-साथ चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा,



दिल्ली के जमींदारों ने मेरे हाथों से सारी शक्तियां छीन ली हैं। बनर्जी ने बार-बार भाजपा पर बंगाल विरोधी होने का आरोप लगाया और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, आपने लोगों को कतारों में खड़ा किया है। आपने उन्हें अपमानित किया। लोग इस अपमान का बदला वोट के माध्यम से लेंगे। बनर्जी ने दावा किया कि लाखों पात्र मतदाताओं, खासकर महिलाओं और बांग्ला भाषी लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा, कई नाम हटा दिए गए हैं। ऑनलाइन जांच करें और आवेदन करें। मैं (देबरा के तृणमूल उम्मीदवार) राजीव बनर्जी से इस मामले को देखने के लिए कहूंगी। हम वकील मुहैया कराएंगे। उन्होंने कहा, अभी भी 60 लाख नाम व्यवस्था संबंधी खामियों के दायरे में हैं। अगर इनमें से 50 प्रतिशत नाम भी बहाल हो जाते हैं, तो इसका श्रेय हमारी कानूनी लड़ाई को जाता है। तृणमूल प्रमुख ने भाजपा द्वारा खान-पान की पंसद और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर दिए जा रहे जोर को एक भावनात्मक चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिश की। उन्होंने कहा, बंगाल के खान-पान को लेकर ये लोग इतने जुनूनी क्यों हैं? ये लोगों को मछली न खाने, मांस न खाने और अंडे न खाने के लिए कहते हैं। आखिर ये लोगों से क्या खाने की उम्मीद करते हैं? बनर्जी ने दावा किया, अगर आप पश्चिम बंगाल से बाहर जाकर बांग्ला में बात करते हैं, तो हो सकता है आपको होटल में ठहरने की अनुमति नहीं मिले। आप पर हमला हो सकता है या यहां तक कि आपकी जान भी ली जा सकती है। जहां भी भाजपा सत्ता में होती है, वहां मछली खाने की अनुमति नहीं होती है। मछली और मांस की दुकानें बंद रहती हैं। उन्होंने भाजपा पर बंगाल के महापुरुषों ईश्वर चंद्र विद्यासागर, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, राजा राममोहन राय और खुदीराम बोस का अनादर करने का आरोप लगाया।

## पश्चिम एशिया संघर्ष: विदेश मंत्रालय ने कहा- ‘विभिन्न घटनाओं’ में आठ भारतीयों की जान गई



**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच, विदेश मंत्रालय (एमईए) ने सोमवार को कहा कि क्षेत्र में विभिन्न घटनाओं में आठ भारतीय नागरिकों की जान चली गई है, जबकि एक अभी भी लापता है। पश्चिम एशिया की स्थिति पर यहां आयोजित एक अंतर-मंत्रालयी प्रेसवार्ता में विदेश मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव (खाड़ी), असीम आर महाजन ने यह भी कहा, कल कुवैत में एक हमले में दुर्भाग्यवश एक भारतीय नागरिक की जान चली गई। हालांकि, उन्होंने इस मौत के कारणों के बारे में विस्तार से नहीं बताया। उन्होंने कहा, हम मृतक के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। कुवैत स्थित हमारा दूतावास मृतक के परिवार के संपर्क में है और स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर हर संभव सहायता प्रदान करने और उनके पार्थिव शरीर को शीघ्र भारत वापस लाने के लिए समन्वय कर रहा है। बीस मार्च को पश्चिम एशिया की स्थिति पर अंतर-मंत्रालयी प्रेसवार्ता में महाजन ने पत्रकारों को बताया था कि विभिन्न घटनाओं में छह भारतीय नागरिकों की जान चली गई है, जबकि एक नागरिक लापता है।

### भारत और रूस ने पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा की

भारत और रूस ने पश्चिम एशिया संकट तथा इसके आर्थिक नतीजों के मद्देनजर अपनी घनिष्ठ रणनीतिक साझेदारी को और विस्तार देने के तरीकों पर सोमवार को विचार-विमर्श किया। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष का मुद्दा रूसी उप विदेश मंत्री एंड्री रुडेंको की नयी दिल्ली में हुई बैठकों में प्रमुखता से उठा। विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ भी उनकी बैठक हुई। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर कहा, ''रूस के उप विदेश मंत्री एंड्री रुडेंको से मिलकर अच्छा लगा। हमने अपने व्यापक सहयोग को और आगे बढ़ाने के साथ-साथ क्षेत्रीय एवं वैश्विक घटनाक्रम पर भी चर्चा की।'' सूत्रों ने बताया कि पश्चिम एशिया में जारी संकट पर भी चर्चा हुई। रुडेंको ने विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ भारत-रूस विदेश कार्यालय परामर्श की सह-अध्यक्षता भी की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ''दोनों पक्षों ने विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी के संपूर्ण दायरे की समीक्षा की एवं पारस्परिक हित के द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा किए।''




## तकनीकी निर्भरता घटा रही कुदरती क्षमता

अक्सर कहा जाता है कि मनुष्य शरीर के वे अवयव निष्क्रिय हो जाते हैं, जिनका मनुष्य लगातार उपयोग नहीं करता। मानव शरीर की अद्भुत कुदरती क्षमताओं पर भी यही बात लागू होती है। हाल ही में नोबेल पुरस्कार विजेता न्यूरोसाइंटिस्ट डॉ. एडवर्ड मोजर की वह चेतावनी चौंकाती है कि तकनीकी जीपीएस पर बढ़ती निर्भरता से इंसान के मस्तिष्क में स्थित कुदरती जीपीएस की क्षमता कम हो रही है। सदियों से इससे हमारे दिमाग में लक्षित स्थान का नक्शा बनाकर जगह तक पहुंचने में मदद मिलती थी। लेकिन हम रास्ते नहीं खोजते, बस जीपीएस की हिदायतें ही मानते हैं। याद करें जब फोन नहीं थे तो वाहन चालक व सामान पहुंचाने वाले वर्कर्स खुद रास्ते तलाशकर गंतव्य स्थान तक पहुंचते थे। लेकिन अब हम अपने दिमाग में पहुंचने वाली जगह का नक्शा बनाने की बजाय बस जीपीएस की हिदायतें ही मानते हैं। हम सिर्फ रास्ते की कड़ियों का हिस्सा बन रहे हैं। एक समय था कि हमें घुमावदार रास्ते भी याद रहते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं। इसकी वजह है कि अब हम रास्तों व उसके आसपास की चीजों को याद करने की जहमत नहीं उठाते। कमोबेश यह स्थिति ऐसी ही है जैसे कुछ साल पहले तक हमें बहुत सारे फोन नंबर याद रहते थे। यहां तक कि लैंडलाइन फोन के नंबर भी हम याद रखते थे। लेकिन अब फोन में नंबर सुरक्षित करके हम अपने परिवार के खास फोन नंबर याद नहीं रख पा रहे हैं। इसी तरह हम कुदरती जीपीएस की क्षमताओं से वंचित होने लगे हैं।

दरअसल, वैज्ञानिकों के अनुसार मनुष्य के मस्तिष्क के भीतर ग्रिड सेल्स होते हैं। जिन्हें इंसानी दिमाग का भीतरी जीपीएस कहा जा सकता है। जो हमारा मार्गदर्शन करते हैं कि हम कहां हैं और हमें आगे कहां जाना है। ये ही हमारे दिमाग में लक्षित जगह का नक्शा बनाने में मदद करते हैं कि हमें कैसे व कहां जाना है। रोचक तथ्य यह है कि मनुष्य के मस्तिष्क में यह कुदरती जीपीएस जन्म के बाद जल्दी ही सक्रिय हो जाता है। यानी कुछ समय बाद ही मनुष्य के शरीर में रास्ते पहचानने की क्षमता विकसित हो जाती है। लेकिन विडंबना यह है कि हम लगातार अपने शरीर के इस कुदरती गुण को नजरअंदाज करके तकनीक यानी जीपीएस पर निर्भरता बढ़ाने लगे हैं। चिंता इस बात की भी है कि कहीं देर-सवेर हम अपने शरीर के भीतर स्थित जीपीएस से वंचित न हो जाएं। जिसका सीधा असर हमारी सीखने की क्षमता, रास्ते याद रखने की शक्ति और भविष्य में लक्षित मार्ग खोजने की योग्यता में गिरावट के रूप में होगा। वैज्ञानिक कहते हैं कि हम तकनीक का इस्तेमाल करें, लेकिन कुदरती क्षमता को सिरे से नजरअंदाज न करें। यदि समय-समय पर हम उसका उपयोग करेंगे तो उसकी सक्रियता बनी रहेगी। फिर जिन स्थानों पर गूगल व अन्य जीपीएस काम नहीं करते, वहां हम अपनी नैसर्गिक क्षमता का उपयोग रास्ते तलाशने में कर सकते हैं। वैज्ञानिक शोध कर रहे हैं कि दिमागी जीपीएस प्रारूप का इस्तेमाल रोबोटिक्स में करने में कैसे सफलता मिले। जिससे मशीनें भी वैसा ही व्यवहार करें जैसा हमारा दिमाग करता है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध का शव फंदे से लटका मिला

**कोलकाता :** सर्सुना थाना क्षेत्र में एक 63 वर्षीय वृद्ध का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना 30 मार्च की सुबह करीब 7:10 बजे की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक की पहचान तिमिर बारन महतो (63) के रूप में हुई है, जो नस्कर पारा, नंदनकानन इलाके के निवासी थे। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, सोनामुखी रोड स्थित एक मकान के टाइल्स से ढके कमरे में उनका शव छत के बांस के ढांचे से गमछे के सहारे लटका हुआ पाया गया। घटना की सूचना मिलते ही सर्सुना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए विद्यासागर स्टेट जनरल हॉस्पिटल भेज दिया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जिससे मामला और भी रहस्यमय हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, मृतक शांत स्वभाव के व्यक्ति थे और इलाके में किसी से उनका कोई विवाद सामने नहीं आया है। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं-आत्महत्या और अन्य संभावित कारणों-को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है ताकि घटना के पीछे के कारणों का पता लगाया जा सके।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 31 मार्च, मंगलवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, चैत्र शुक्लपक्ष त्रयोदशी, 06:56 तक, नक्षत्र : पूर्व फाल्गुनी, 15:19 तक, योग : गांदा, 15:40 तक, सूर्योदय: 05:31, सूर्यास्त: 17:51, चन्द्रोदय : 16:24, चन्द्रास्त: 04:15, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 14:44 से 16:16

## राशिफल

**मेष :** लाभ भाव में बुधदेव की उपस्थिति का अर्थ है कि आपके संपर्कों और नेटवर्किंग के प्रयास अब ठोस परिणाम देने लगे हैं। आज आर्थिक संभावनाएं बहुत उज्ज्वल दिखाई दे रही हैं।

**वृष :** आपकी प्रतिष्ठा भाव में बुधदेव के होने से आपकी साख और सम्मान फिर से मजबूत हो रहा है। करियर से जुड़ा कोई पुराना संपर्क लाभदायक प्रस्ताव लेकर आपके पास वापस आ सकता है।

**मिथुन :** ज्ञान के भाव में बुधदेव का होना पक्का करेगा कि आपकी दीर्घकालिक रणनीतियां और अंतरराष्ट्रीय सहयोग अब फिर से पटरी पर आ जाएं। योजना बनाने के लिए आज के दिन का उपयोग करें।

**कर्क :** कर्क राशि वालों के लिए दिन अच्छा रहने की संभावना है। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी को नई नौकरी या बेहतर अवसर मिलने की संभावना भी बन सकती है।

**सिंह :** सातवें भाव में बुधदेव के होने का अर्थ यह है कि आपके सहयोग और साझेदारियां अब आपकी सबसे बड़ी शक्ति हैं। आर्थिक संभावनाएं पेशेवर पुरस्कारों पर केंद्रित हैं।

**कन्या :** पेशेवर तौर पर आप एक दूरदर्शी विशेषज्ञ के रूप में उभर रहे हैं। छठे भाव में बुधदेव की स्थिति का मतलब है कि आपके काम करने का तरीका अब आपके सबसे मजबूत पक्ष हैं।

**तुला :** पेशेवर जीवन में आप एक रणनीतिक विश्लेषक के रूप में कार्य कर रहे हैं। आर्थिक संभावनाएं आंतरिक प्रबंधन पर केंद्रित हैं। आपकी दैनिक स्थिरता को बनाए रखें।

**वृश्चिक :** बुनियाद के भाव में बुधदेव की स्थिति का मतलब है कि आपकी आंतरिक प्रणालियां और होम-ऑफिस सेटअप अब आपके सबसे मजबूत उपकरण हैं।

**धनु :** पेशेवर रूप से आप दक्षता विशेषज्ञ के रूप में जाने जाएंगे। कौशल के भाव में बुधदेव की सीधी गति का अर्थ है कि प्रेसेंटेशन्स और तकनीकी कार्यप्रवाह अब आपकी सबसे बड़ी शक्ति हैं।

**मकर :** धन भाव में बुधदेव की उपस्थिति का मतलब है कि आपकी फाइनेंशियल बातचीत और रिसोर्स मैनेजमेंट अब आपके सबसे मजबूत उपकरण हैं।

**कुम्भ :** आपकी राशि में बुधदेव के होने का मतलब है कि आपका पर्सनल ब्रांड और कम्युनिकेशन स्टाइल अब आपकी सबसे बड़ी ताकत हैं। आर्थिक गतिविधियां घर-आधारित खर्चों पर केंद्रित हैं।

**मीन :** अदृश्य भाव (बारहवें घर) में बुधदेव के होने का अर्थ है कि आपके पीछे के शोध और निजी रणनीतियां अब आपके सबसे मजबूत पक्ष हैं। फिजूलखर्ची करने से बचें और अपने लक्ष्यों पर ध्यान दें।

# युगों-युगों तक मार्गदर्शन करती रहेगी भगवान महावीर की अमृतवाणी



योगेश कुमार गोयल

**महावीर जयंती (31 मार्च) पर विशेष**

'अहिंसा परमो धर्मः' का अमर संदेश देने वाले भगवान महावीर का जीवन और दर्शन आज के अशांत, तनावग्रस्त और संघर्षपूर्ण समय में पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो उठा है। आधुनिक युग में मनुष्य प्रगति की अंधी दौड़ में नैतिक मूल्यों से दूर होता जा रहा है। स्वार्थ, लोभ और प्रतिस्पर्धा ने उसे इस हद तक प्रभावित कर दिया है कि वह अपने हित के लिए हिंसा और अनैतिकता को भी उचित ठहराने लगा है। ऐसे समय में महावीर स्वामी का अहिंसा, संयम और करुणा पर आधारित दर्शन मानवता को एक नई दिशा देता है और उसे आत्ममंथन के लिए प्रेरित करता है।

भगवान महावीर ने अपने जीवन के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि प्रत्येक जीव समान है और हर प्राणी में आत्मा का वास है। उन्होंने 'जीओ और जीने दो' का जो सिद्धांत दिया, वह केवल एक नैतिक उपदेश नहीं बल्कि संपूर्ण जीवन दर्शन है। यह हमें सिखाता है कि हम अपने व्यवहार और आचरण में ऐसी संवेदनशीलता विकसित करें, जिससे किसी भी प्राणी को कष्ट न पहुंचे। उनका यह विचार कि पेड़-पौधे, जल, वायु और अग्नि तक में जीवन है, आज के पर्यावरणीय संकट के संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। जब पृथ्वी प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के संकट से जूझ रही है, तब महावीर का यह संदेश हमें प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने का आह्वान करता है।

महावीर स्वामी ने कर्म के सिद्धांत को भी अत्यंत स्पष्टता से समझाया। उनका मानना था कि मनुष्य स्वयं अपने कर्मों के लिए जिम्मेदार है और वही उसके भविष्य का निर्धारण करते हैं। कोई भी व्यक्ति अपने कर्मों से बच नहीं सकता। जो जैसा करता है, वैसा ही फल प्राप्त करता है। यह सिद्धांत न केवल आध्यात्मिक दृष्टि से बल्कि सामाजिक और नैतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह मनुष्य को उत्तरदायित्व और सजगता का बोध कराता है। उन्होंने यह भी सिखाया कि धर्म बाहरी आडंबरों में नहीं बल्कि आत्मा की पवित्रता में निहित है। अहिंसा, सत्य, संयम और तप ही धर्म के वास्तविक लक्षण हैं। क्रोध, मान, माया और लोभ जैसे दोष मनुष्य के सभी गुणों का नाश कर देते हैं। इसलिए जो व्यक्ति अपने जीवन में शांति और संतुलन चाहता है, उसे इन विकारों का त्याग करना चाहिए। महावीर का यह संदेश आज के तनावपूर्ण जीवन में अत्यंत उपयोगी है, जहां मानसिक अशांति और असंतुलन तेजी से बढ़ रहा है।

महावीर स्वामी ने समानता और मानवता का भी अद्वितीय संदेश दिया। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि जन्म से नहीं बल्कि कर्म से व्यक्ति महान बनता है। यदि कोई उच्च कुल में जन्म लेकर भी बुरे कर्म करता है तो वह श्रेष्ठ नहीं हो सकता जबकि निम्न कुल में जन्म लेने वाला व्यक्ति यदि सदाचार और सद्विचार अपनाता है तो वह सम्मान का अधिकारी है। यह विचार सामाजिक समरसता और समानता की नींव को मजबूत करता है। उनकी दृष्टि में सेवा भी सर्वोच्च धर्म है। रोगियों और जरूरतमंदों की सेवा को उन्होंने ईश्वर की सेवा से भी बढ़कर बताया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि स्त्री और पुरुष दोनों समान रूप से मुक्ति के अधिकारी हैं, जो उनके प्रगतिशील और समतामूलक विचारों को दर्शाता है।

आज जब समाज हिंसा, असहिष्णुता और नैतिक पतन की चुनौतियों से जूझ रहा है, तब भगवान महावीर की अमृतवाणी हमें आत्मशुद्धि, सह-अस्तित्व और शांति का मार्ग दिखाती है। यदि हम उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात कर लें तो न केवल व्यक्तिगत जीवन में संतुलन और शांति स्थापित हो सकती है बल्कि समाज में भी सद्भाव, करुणा और अहिंसा की स्थापना संभव है। यही महावीर स्वामी के संदेश की वास्तविक सार्थकता है, जो युगों-युगों तक मानवता का मार्गदर्शन करती रहेगी।



(लेखक 36 वर्षों से पत्रकारिता में सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार और 'सागर से अंतरिक्ष तक: भारत की रक्षा क्रांति' पुस्तक के लेखक हैं)

# बंगाल की खबरें

## बंगाल की मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में प्रपत्र छह आ रहे : अभिषेक



**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में मतदाताओं के लोकतांत्रिक अधिकारों में हस्तक्षेप करने के प्रयासों का आरोप लगाते हुए सोमवार को अन्य राज्यों से कथित तौर पर बड़े पैमाने पर प्रपत्र-छह आवेदन जमा किए जाने पर चिंता व्यक्त की और निर्वाचन आयोग (ईसी) से स्पष्टीकरण मांगा। अभिषेक बनर्जी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'हम जो देख रहे हैं वह बेहद चिंताजनक है। इस बात के उत्तरोत्तर संकेत मिल रहे हैं कि बंगाल की जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों में हस्तक्षेप करने के समन्वित प्रयास किये जा रहे हैं, जिसके केंद्र में भाजपा है और निर्वाचन आयोग आंखें मूंदे हुए है।' तृणमूल महासचिव ने शाम को मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल से मुलाकात कर इस मुद्दे पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि लोगों को यह जानने का पूरा अधिकार है कि उनके मताधिकार का क्या हो रहा है। उन्होंने इस मुद्दे को उन्होंने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के मूल सिद्धांतों से जुड़ा हुआ बताया। उन्होंने दावा किया कि पार्टी को कई जिलों से प्रपत्र-छह के आवेदनों में अचानक वृद्धि की विश्वसनीय रिपोर्ट मिल रही हैं। प्रपत्र-छह का उपयोग मतदाता सूची में नये मतदाताओं को शामिल करने के लिए किया जाता है। अभिषेक बनर्जी ने कहा, ये सामान्य प्रविष्टियां नहीं हैं। गंभीर चिंताएं हैं कि इनमें से कई प्रविष्टियां उन व्यक्तियों से जुड़ी हो सकती हैं, जिनका बंगाल से कोई वास्तविक संबंध नहीं है, जो यहां नहीं रहते, यहां काम नहीं करते और राज्य में उनका कोई हित नहीं है। एक कथित वीडियो क्लिप का जिक्र करते हुए अभिषेक बनर्जी ने कहा कि यह इन चिंताओं को और बढ़ा देता है। 'समाज्ञा' इस वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं कर पायी है, जिसमें कथित तौर पर जिलों में निर्वाचन आयोग के अधिकारियों को कुछ कागजात सौंपे जा रहे हैं। तृणमूल महासचिव ने कहा, 'ऐसा प्रतीत होता है कि हजारों ऐसे प्रपत्रों का ढेर लगाया जा रहा है, जिससे इस प्रक्रिया के पैमाने और उद्देश्य के बारे में गंभीर सवाल उठते हैं।' उन्होंने निर्वाचन आयोग से जवाबदेही की मांग करते हुए कहा, 'निर्वाचन आयोग को जवाब देना होगा।'

## भवानीपुर में ममता बनर्जी और शुभेंदु अधिकारी के बीच कड़ा मुकाबला, दोनों दलों ने झोंकी ताकत



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के गढ़ भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र पर सबकी नजरें टिकी हैं, जहां उनके और भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के बीच कड़े मुकाबले के आसार हैं। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) जहां संगठनात्मक मजबूती और भावनात्मक जुड़ाव के सहारे अपनी पकड़ बनाए रखने की कोशिश में है, वहीं भाजपा सामाजिक समीकरण और बूथ स्तर की रणनीति के जरिए इस सीट पर सेंध लगाने में जुटी है।

वर्ष 2021 में नंदीग्राम में ममता बनर्जी को चुनौती देने वाले शुभेंदु अधिकारी अब उनके पारंपरिक गढ़ भवानीपुर में उन्हें घेरने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। हालांकि, बनर्जी ने 2021 के उपचुनाव में इस सीट से बड़ी जीत दर्ज की थी।

टीएमसी ने घर की बेटी के भावनात्मक नारे को फिर से जीवित किया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बख्शी की अगुवाई में पार्षदों को घर-घर जाकर प्रचार करने, टकराव से बचने और सरकार के विकास कार्यों को सामने रखने के निर्देश दिए गए हैं। क्षेत्र में 'फोटो कॉर्नर' भी बनाए गए हैं, जहां लोग मुख्यमंत्री के कटआउट के साथ तस्वीर खिंचवा सकते हैं। पार्टी का कहना है कि वह यह चुनाव आक्रामकता नहीं, बल्कि जुड़ाव और विकास के आधार पर लड़ रही है।

दूसरी ओर, भाजपा ने बूथ स्तर पर गहन रणनीति अपनाई है। हाल के महीनों में भाजपा ने बूथ स्तर पर व्यापक सर्वे और सामाजिक समीकरण का आकलन किया है। भवानीपुर के सामाजिक आंकड़े इस मुकाबले को और रोचक बनाते हैं-करीब 42% बंगाली हिंदू, 34% गैर-बंगाली हिंदू और लगभग 24% मुस्लिम मतदाता हैं। पार्टी के आंतरिक आकलन के अनुसार, कायस्थ 26.2%, मुस्लिम 24.5%, प्रवासी 14.9%, मारवाड़ी 10.4% और ब्राह्मण 7.6% हैं। भाजपा इन्हीं समीकरणों के आधार पर समर्थन जुटाने की कोशिश कर रही है।

मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण ने चुनाव को और जटिल बना दिया है। लगभग 47,000 नाम हटाए गए हैं, जो 2021 उपचुनाव में ममता बनर्जी की 58,832 वोटों की जीत के अंतर से करीब 11,000 कम है। इसके अलावा करीब 14,000 नाम अभी जांच के दायरे में हैं, जिनमें 56% से अधिक मुस्लिम मतदाता बताए जा रहे हैं।

भाजपा का मानना है कि यदि हिंदू वोटों का ध्रुवीकरण होता है और अल्पसंख्यक वोटों में कमी आती है, तो मुकाबला और कड़ा हो सकता है। वहीं टीएमसी इस प्रक्रिया को अपने पारंपरिक मतदाताओं को प्रभावित करने वाला मान रही है।

लोकसभा चुनावों में भाजपा की बढ़ती पकड़ और टीएमसी की घटती बढ़त ने संकेत दिए हैं कि भवानीपुर अब पहले जैसा सुरक्षित नहीं रहा। ऐसे में यह सीट इस बार राज्य की सबसे चर्चित और निर्णायक लड़ाई बन गई है।

### बाइक अनियंत्रित होकर फिसली, 36 वर्षीय युवक की मौत

**कोलकाता :** रीजेंट पार्क थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में 36 वर्षीय युवक की मौत हो गई। यह हादसा दोपहर करीब 2:50 बजे उत्तम कुमार सरणी पर बिजोली ग्रिल रेस्टोरेंट के सामने हुआ। मृतक की पहचान जितेंद्र राजभर (36) के रूप में हुई है, जो टीटागढ़ क्षेत्र के निवासी थे। जानकारी के अनुसार, जितेंद्र अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे, तभी अचानक उनका वाहन अनियंत्रित हो गया और सड़क पर फिसलकर गिर पड़ा। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को तुरंत एम. आर. बंगुर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि दुर्घटना में उन्हें कई गंभीर चोटें आई थीं। प्राथमिक जांच में यह सामने आया है कि मोटरसाइकिल अचानक संतुलन खो बैठी, जिससे यह हादसा हुआ। हालांकि, पुलिस यह भी जांच कर रही है कि दुर्घटना के पीछे सड़क की स्थिति, तेज रफ्तार या अन्य किसी कारण की भूमिका तो नहीं थी।

## वर्ग पहेली नं. 3395



*बायें से दायें:-* 2) होश, 4) आत्मकथा, 7) नीच एवं दुष्ट व्यक्ति, 9) सारे, 11) ज़रिया; सामग्री, 12) ओहदा, 14) अतिरिक्त, 15) स्नान कराना, 16) एक संख्या, 17) कपोल, 19) लंबोतरा बड़ा तकिया, 21) अधिक बुरा, 24) अधपका, 25) प्रतीक्षा, 26) एक संख्या, 28) पिघलना, 30) सौ हज़ार, 32) पागल; सनकी, 33) नवप्रसूता, 34) नष्ट.

*ऊपर से नीचे:-* 1) अद्वितीय, 2) तभी का तभी, 3) दूसरी ओर का किनारा, 4) उम्मीद, 5) एक संख्या, 6) एक सम संख्या, 8) पिछलग्गू, 10) कलंक, 13) आतंक, 16) तृतीय, 18) अफ़वाहबाज़, 19) प्रेमपात्रा, 20) हस्तक्षेप, 22) भयकंप, 23) भूमि, 27) ढंग, 28) गरदन, 29) अभिमान, 31) ज़ख्म; घाव.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



## सुडोकू-पहेली-3353

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 9 | | 4 |
| 3 | | | 9 | | | | | |
| | | 8 | | | | | | 5 |
| | | 7 | | 5 | 4 | | | |
| | 6 | | | 1 | | | 2 | 9 |
| | | | | 6 | | 5 | | 1 |
| | | | 1 | | | | | 3 |
| | | 1 | | 3 | 6 | | | 8 |
| | | | 7 | | | | 5 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**••••**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3352 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 8 | 5 | 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 1 |
| 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 4 | 8 | 6 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 9 | 8 | 1 | 5 | 7 | 2 |
| 3 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 1 | 4 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 3 | 6 | 7 | 9 | 5 |
| 1 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 | 8 | 3 |
| 2 | 6 | 8 | 4 | 1 | 3 | 9 | 5 | 7 |
| 5 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 1 | 2 | 8 |

जय भिक्षु जय महावीर जय महाश्रमण

# अध्यात्म के शिखर पुरुष : भगवान महावीर

**मुनिश्री जिनेश कुमार**

इस अवसर्पिणी काल के चरम तीर्थंकर भगवान महावीर अध्यात्म के शिखर पुरुष थे। उन्होंने अपनी असीम विशेषताओं से तत्कालीन जनमानस को प्रभावित किया। आज ढ़ाई हजार वर्षों के बाद भी उनके संदेश भूमंडल के मानव को नई राह दिखा रहा है।

उनका जन्म चैत्र शुक्ल त्रयोदशी को मध्यरात्रि में वैशाली गणराज्य के राजा सिद्धार्थ के आंगन में महारानी त्रिशला की कुक्षि से हुआ। वे जन्म से तीन ज्ञान (मति, श्रुत, अवधि) के धारक थे। वे जन्म से ही अनंत बली व अद्‌भुत पराक्रम के धारक थे। उनके पराक्रमशीलता ने उन्हें हमेशा शिखर पर बनाये रखा।

जब इंद्र ने मेरूपर्वत पर जन्माभिषेक के लिए नवजात शिशु को अभिषेकशिला पर आरूढ़ करवाया। इन्द्र शिशु की छोटी काया देख सशंकित हो उठा कि शिशु अभिषेक की जलधारा को कैसे झेल पायेंगे। तब उस नवजात शिशु ने इंद्र की शंका का निवारण करने के लिए अपने अँगूठे से मेरू पर्वत को दबाया और मेरू पर्वत कंपायमान हो उठा। जब इंद्र ने अपने ज्ञान से शिशु के अनंतबल व पराक्रम को देखा तो उनकी शंका दूर हो गई और शिशु से क्षमायाचना कर हर्षोल्लास से प्रभु का जन्मोत्सव मनाया।

जब महावीर आठवें वर्ष में चल रहे थे। एक बार बच्चों के साथ आमलकी नामक खेल खेल रहे थे, इस खेल के दौरान जैसे ही कुमार वर्धमान पेड़ पर चढ़े, एक सांप भी पेड़ के तने पर लिपट गया। सभी बच्चे डर कर भाग गए। कुमार वर्धमान अभय थे, वे पेड़ के नीचे उतरे और सांप को पकड़ कर एक ओर डाल दिया। उनके साहस व पराक्रम को देख सभी विस्मित हो गए।

उनके पराक्रम की कहानी यहीं पर पूरी नहीं होती, अपितु साधना पथ स्वीकार करने के साथ ही वे विस्तृत होती चली जाती है। दीक्षा के दूसरे दिन ही ग्वाले के उपसर्ग को देख नंदीवर्धन ने प्रभु से निवेदन किया। भगवन ! साधना के दौरान अनेक उपसर्ग हो सकते हैं, उसके निवारण के लिएि मैं सुरक्षा व्यवस्था करना चाहता हूँ।

प्रभु महावीर ने कहा - साधना स्वावलंबन व स्वतंत्रता का प्रतीक है, वह बाह्य सहयोग, सुरक्षा, परावलंबी. परतंत्र बनकर नहीं की जा सकती। प्रभु महावीर का साधना के लिए स्वावलंबन व स्वतंत्रता के साथ प्रस्थान उनके अतुल पराक्रम का संकेत कर रहा था।

उनके संपूर्ण साधना काल में मानवकृत देवकृत और तिर्यंचकृत उपसर्गों की श्रृँखला चलती रही, किंतु उनके पराक्रम की आभा नित नई होकर निखरती गई और वे पराक्रम के शिखरपुरुष के रूप में जनमानस में स्थापित होते रहे।

उन्होंने कैवल्य प्राप्ति एवं तीर्थ स्थापना के पश्चात् मानव समाज में व्याप्त जातिवाद, दास प्रथा, नारी उत्पीड़न, धर्म के नाम पर हिंसा आदि मिथ्या अवधारणाओं के विरुद्ध शंखनाद किया और जन-जन को समता, शांति समानता, अहिंसा का उद्‌घोष प्रदान कर जागृत किया। उनकी अभयशीलता व पराक्रमशीलता ने उस युग में एक नई क्रांति कर जन-जन को आंदोलित कर दिया।

प्रभु महावीर महावीर करुणा के शिखर पुरुष थे। उनकी चेतना का कण-कण करुणा से आप्लावित था। वे जब गर्भ में थे तब उन्होंने माँ को कष्ट न हो इसलिए हलन-चलन बंद कर दिया, किंतु इससे माता त्रिशला की तकलीफ और अधिक बढ़ गई तब शिशु रूप प्रभु महावीर ने गर्भस्थ अवस्था में ही माता-पिता की विद्यमानता में दीक्षा नहीं लेने का संकल्प ग्रहण किया और अपना हलन-चलन प्रारंभ कर दिया।

उनकी करुणा बूंद की तरह नहीं सागर की तरह विशाल व गहराई लिए हुई थी। यह उनकी करुणा ही थी कि उन्होंने भव्य जीवों के कल्याण के लिए तीर्थ की स्थापना थी और उन्हें संबोध प्रदान किया। प्राणी मात्र के दुख को अपने दुख के समान समझा। उन्होंने स्वयं सत्य की खोज की और दूसरों को भी सत्य की खोज के लिए उत्प्रेरित किया। चंडकौशिक, अर्जुनमाली, मेघकुमार आदि को संबोध प्रदानकर उन्हें कल्याण के पथ पर अग्रसर किया। वे करुणा के अजस्र प्रवाह थे। उनकी करुणा अहिंसा से आप्लावित थी। इसलिए उन्होंने षड्‌जीवनिकाय के प्रति संयम बरतने की बात कही।

प्रभु महावीर ज्ञान के शिखर पुरुष थे। उन्होंने अपने ज्ञान से 11 महापंडितों के मिथ्या दर्प को दूर कर उन्हें अपने धर्म में दीक्षित किया। उनकी ज्ञान रश्मियों से त्रिलोक आलोकित हो उठा।

उनके द्वारा प्रदत्त समाधान आज वीर गौतम संवाद के के रूप में भगवती सूत्र के केसी गौतम, संवाद के रूप में उत्तराध्ययन सूत्र की गरिमा को शतगुणित कर रहे हैं। उनके ज्ञान से निसृत अहिंसा, अनेकांत व अपरिग्रह की सिद्धान्तत्रयी विश्वशांति का पथ प्रशस्त कर रही है।

वे आत्मकर्तृत्ववाद, समतावाद, पुरुषार्थवाद के पुरस्कर्ता थे। वे सहअस्तित्व, सापेक्षता, मैत्री, अभय, सहिष्णुणता के प्रयोगकर्ता थे। उनके बताये मार्ग पर अमल किया जाये तो विश्व युद्ध की विभीषका से बचकर शांति व विकास के पथ पर अग्रसर हो सकता है।

भगवान महावीर को पंथों में, ग्रंथों में नहीं खोजा जा सकता, बल्कि स्वयं में खोजें। महावीर जयंती प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी से आह्वान करती है कि उनकी शिक्षाओं पर अमल कर के जीवन में अभिनव क्रांति घटित करें।



॥ जय जिनेन्द्र ॥



# भगवान महावीर
# 2625वां जन्म कल्याणक महोत्सव

सान्निध्य :

**युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री जिनेश कुमार जी ठाणा-3**

**मंगलवार, दिनांक 31 मार्च 2026**
**प्रातः 9.15 बजे से**

**महासभा भवन**
**3 पोर्तुगीज चर्च स्ट्रीट, कोलकाता-700001**

## अहिंसा रैली एवं झांकियों का भव्य आयोजन

अहिंसा रैली : हावड़ा नटराज होटल, मित्र परिषद् एवं हरियाणा भवन से आज प्रातः 7.30 बजे प्रारंभ होकर महासभा भवन पहुँचेगी।

आयोजक :

## श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, कोलकाता

## भगवान महावीर जन्म कल्याणक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

निवेदक :

**श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | साउथ कोलकाता | साउथ हावड़ा | उत्तर हावड़ा | पूर्वांचल |
| सॉल्टलेक | टॉलीगंज | बेहाला | मध्य-उत्तर कोलकाता | उत्तर कोलकाता |
| लिलुआ | बाली-बेलुड़ | उत्तरपाड़ा | हिंदमोटर | रिसड़ा |

आचार्य महाप्रज्ञ महाश्रमण एजुकेशन एंड रिसर्च फाउण्डेशन | मित्र परिषद

तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, तेरापंथ युवक परिषद, तेरापंथ महिला मंडल, अणुव्रत समिति - वृहत्तर कोलकाता की समस्त शाखाएं

# 83 बीडीओ और 184 पुलिस निरीक्षकों के तबादले के खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट में नई याचिका

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग द्वारा 83 ब्लॉक विकास अधिकारियों (बीडीओ) और 184 पुलिस निरीक्षक स्तर के अधिकारियों के तबादले के आदेश के खिलाफ सोमवार को कलकत्ता हाईकोर्ट की खंडपीठ में एक नई याचिका दायर की गई।

याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता और तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी ने मामले की शीघ्र सुनवाई की मांग भी की। मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी सेन की खंडपीठ ने याचिका स्वीकार कर ली है और इस पर इसी सप्ताह



सुनवाई होने की संभावना है।

बताया जा रहा है कि चुनाव आयोग ने रविवार को आदेश जारी कर 83 बीडीओ, जो रिटर्निंग ऑफिसर की जिम्मेदारी भी निभा रहे थे, तथा 184 निरीक्षक रैंक के पुलिस अधिकारियों, जो विभिन्न थानों में प्रभारी या निरीक्षक प्रभारी के रूप में कार्यरत थे, का तबादला किया था।

यह इस मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट में दायर दूसरी याचिका है। इससे पहले राज्य के वरिष्ठ और मध्य स्तर के प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों के अन्य राज्यों में तबादले और प्रतिनियुक्ति के खिलाफ एक जनहित याचिका दायर की गई थी। उस मामले में पिछले सप्ताह सुनवाई पूरी हो चुकी है और अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रखा है।

पिछली सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग के वकील ने अदालत को बताया था कि अधिकारियों के तबादले का निर्णय संबंधित राज्यों की जमीनी जरूरतों के आधार पर अलग-अलग होता है। उन्होंने यह भी कहा कि आयोग के पास असीमित अधिकार नहीं हैं, लेकिन स्वतंत्र, निष्पक्ष और हिंसामुक्त मतदान सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्णय लेने का अधिकार जरूर है।

आयोग की ओर से यह भी तर्क दिया गया था कि पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चुनाव प्रक्रिया चल रही है और हर राज्य की स्थिति अलग है, इसलिए परिस्थितियों के अनुसार अधिकारियों का तबादला किया जाता है।

वहीं याचिकाकर्ता के वकील ने आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया शुरू होने के समय से ही और आचार संहिता लागू होने से पहले ही चुनाव आयोग राज्य के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों पर नियंत्रण स्थापित कर रहा है।

याचिका में यह सवाल भी उठाया गया है कि क्या चुनाव आयोग को अपनी इच्छा के अनुसार किसी भी अधिकारी का तबादला, प्रतिस्थापन या प्रतिनियुक्ति करने का असीमित अधिकार है।

# बंगाल पुलिस ने अभिनेता राहुल बनर्जी के मौत के मामले में बयान दर्ज किए

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल पुलिस ने ओडिशा के तलसारी बीच पर अभिनेता राहुल अरुणोदय बनर्जी की कथित रूप से डूबने से हुई मौत के मामले में सोमवार को घटनास्थल पर मौजूद लोगों और चश्मदीदों के बयान दर्ज किए। हालांकि, इस संबंध में अभी तक कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं की गई है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि 43 वर्षीय अभिनेता के शव का पोस्टमार्टम ताम्रलिप्त मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में किया गया। अभिनेता की मौत ओडिशा में होने के कारण मामले की जांच कर रहे पूर्व मेदिनीपुर जिला पुलिस के जांचकर्ता ओडिशा पुलिस से घटना के वीडियो फुटेज प्रप्त करने की कोशिश कर रहे हैं। अधिकारी ने कहा, जांचकर्ताओं



ने उन लोगों के बयानों को दर्ज किया है जो मौके पर मौजूद थे और जिन्होंने घटना देखी थी ताकि अभिनेता की मौत के कारणों और घटनाक्रम का पता लगाया जा सके। पूर्व मेदिनीपुर के पुलिस अधीक्षक अंशुमान साहा ने कहा कि ओडिशा पुलिस से महत्वपूर्ण वीडियो फुटेज प्राप्त करने के प्रयास जारी हैं। साहा ने बताया, ओडिशा पुलिस के पास राहुल के अंतिम क्षणों के दौरान शूटिंग का और घटना का वीडियो फुटेज है। जांच के हित में इसे सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि अभिनेता के मामा सहित उनके रिश्तेदार और कुछ दोस्त उनके पार्थिव शरीर को वापस कोलकाता लाने के लिए तमलुक पहुंच गए हैं। बनर्जी की रविवार को पश्चिम बंगाल सीमा के पास स्थित ओडिशा के बालेश्वर जिले के तलसारी बीच पर समुद्र में कथित तौर पर डूबने से मौत हो गई थी। अभिनेता के परिवार में उनकी पत्नी और अभिनेत्री प्रियंका सरकार और 13 वर्षीय बेटा है। उनके सह-अभिनेता दिगंत बागची ने बताया कि वह 'भोले बाबा पार करेगा' नामक बंगाली धारावाहिक की शूटिंग के लिए बीच पर गए थे।

# पश्चिम बंगाल की महिला से भुवनेश्वर में 'सामूहिक बलात्कार', दो गिरफ्तार

**भुवनेश्वर/कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की 21 वर्षीय विवाहित महिला के साथ भुवनेश्वर में दो लोगों ने कथित तौर पर बलात्कार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना 27 मार्च को हुई और ओडिशा के नयागढ़ जिले के रहने वाले दोनों आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। महिला पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर से अपने पति से मिलने के लिए भुवनेश्वर आई थी, जो शहर के चंदका पुलिस थाना क्षेत्र में एक निजी संस्थान में काम करता है। तमांडो पुलिस थाने के एक अधिकारी ने कहा कि आरोपियों में से एक महिला को जानता था और जब वह अपने गृहनगर लौट रही थी तो उसने महिला को भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन पर छोड़ने की पेशकश की थी।

अधिकारी ने कहा कि हालांकि, वह महिला को वहां ले जाने के बजाय कथित तौर पर एम्स-भुवनेश्वर के पास अपने किराए के आवास पर ले गया और अपने सहयोगी को बुलाया। पुलिस ने बताया कि इसके बाद दोनों लोगों ने महिला के साथ कथित तौर पर बलात्कार किया। तमांडो पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक बसंत कुमार दलाई ने कहा, हमने धारा 70(1) (सामूहिक बलात्कार) सहित भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और एक अदालत में पेश किया गया।

# बंगाल चुनाव से पहले अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, 62.40 लाख रुपये की सामग्री जब्त

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले सिलीगुड़ी में आबकारी विभाग ने अवैध शराब बनाने वाली एक इकाई का भंडाफोड़ करते हुए लगभग 62.40 लाख रुपये मूल्य की कच्ची सामग्री और उपकरण जब्त किए हैं। यह जानकारी चुनाव आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को दी।

सूत्रों के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में करीब 1,560 लीटर ओपी स्पिरिट (सर्जिकल स्पिरिट) बरामद की गई। यह पदार्थ अवैध शराब बनाने में प्रमुख रूप से इस्तेमाल किया जाता है।

अधिकारियों को आशंका है कि विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं को प्रभावित करने के उद्देश्य से



राज्य में बड़े पैमाने पर अवैध शराब खपाने की योजना बनाई गई थी। आबकारी विभाग ने इस संबंध में चुनाव आयोग को भी जानकारी दी है, जिसके बाद निगरानी और एहतियाती उपाय बढ़ा दिए गए हैं।

छापेमारी के दौरान ओपी स्पिरिट के अलावा दो प्रसिद्ध शराब ब्रांड के नकली लेबल, फर्जी होलोग्राम, बोतल के ढक्कन और बड़ी संख्या में खाली प्लास्टिक बोतलें भी जब्त की गईं।

जब्त सामग्री में एक ब्रांड के लगभग 14,000 नकली लेबल और दूसरे ब्रांड के 3,000 से अधिक लेबल शामिल हैं। इसके अलावा 984 फर्जी होलोग्राम, 440 बोतल कैप और 35 खाली बोतलें भी बरामद की गईं।

चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि कार्रवाई के दौरान कोई वैध शराब बरामद नहीं हुई। आबकारी विभाग के अनुसार सभी बरामद सामग्री का उपयोग केवल नकली शराब बनाने के लिए किया जाना था।

अधिकारियों ने बताया कि ओपी स्पिरिट को प्रोसेस कर नकली लेबल और होलोग्राम लगाकर ब्रांडेड शराब के रूप में बाजार में बेचने की योजना थी। खुफिया जानकारी के आधार पर आबकारी विभाग ने छापा मारकर इन सामग्रियों को नष्ट कर दिया।

प्रारंभिक जांच में यह भी संकेत मिले हैं कि अवैध शराब का इस्तेमाल मतदाताओं को लुभाने के लिए किया जा सकता था, साथ ही इससे लोगों के स्वास्थ्य को भी गंभीर खतरा हो सकता था। चुनाव आयोग ने कहा कि ऐसी शराब का सेवन गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकता है।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल की 294 विधानसभा सीटों के लिए मतदान 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में होगा, जबकि मतगणना 4 मई को निर्धारित है। चुनाव आयोग ने सभी निर्वाचन क्षेत्रों में प्रेक्षकों की तैनाती करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

# जमीन कब्जा मामले में ईडी ने टीएमसी उम्मीदवार से की पूछताछ

**❑ मामले में पिछले दिनों ईडी ने कोलकाता में कई जगहों पर की थी छापेमारी**

**कोलकाता :** जमीन कब्जा मामले में ईडी ने सोमवार को टीएमसी के उम्मीदवार वर्तमान विधायक देवाशीष कुमार से पूछताछ की। रासबिहारी सीट से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार और वर्तमान विधायक देवाशीष कुमार कोलकाता में ईडी के दफ्तर में दोपहर में पेश हुए।

इससे पहले शनिवार को इसी मामले में ईडी ने कोलकाता और आसपास के कई इलाकों में छापेमारी की थी। शहर की एक कंपनी के दफ्तर और उससे जुड़े अधिकारियों के घरों पर तलाशी ली गई थी। जांच एजेंसी के मुताबिक, संबंधित कंपनी पर अवैध रूप से जमीन कब्जाने के गंभीर आरोप हैं। आरोप है कि कुछ परियोजनाओं के नाम पर आम लोगों को ठगा गया और उनकी जमीन हड़प ली गई। इस मामले में कोलकाता समेत विभिन्न स्थानों पर कंपनी के खिलाफ 16-17 एफआइआर दर्ज की गई थीं, जिनके आधार पर जांच शुरू की गई। ईडी अधिकारियों ने कंपनी के दस्तावेज, जमीन के कागजात और वित्तीय लेनदेन की भी जांच की है। इसी जांच के सिलसिले में देवाशीष कुमार को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। वहीं, ईडी दफ्तर से निकलने के दौरान पत्रकारों से बातचीत में देवाशीष कुमार ने कहा कि वह जांच में पूरा सहयोग करेंगे।

## पूर्व रेलवे ने लगातार दूसरे वर्ष 100 मिलियन टन माल लदान का लक्ष्य किया पार

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने माल ढुलाई के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति से एक दिन पहले ही पूर्व रेलवे ने 100 मिलियन टन माल लदान का आंकड़ा पार कर लिया। इसके साथ ही लगातार दूसरे वर्ष पूर्व रेलवे ने 100 मिलियन टन माल लदान के इस लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया है। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के लिए प्रवेश द्वार के रूप में सेवा देने के साथ-साथ पश्चिम बंगाल के नौवहन बंदरगाहों के लिए आयात-निर्यात यातायात के प्रमुख स्रोत के रूप में भी पूर्व रेलवे की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस उपलब्धि को माल परिवहन के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों का परिणाम माना जा रहा है। माल ढुलाई में कोयला का सबसे अधिक योगदान रहा। इसके अलावा, पिग आयरन एवं तैयार इस्पात, सीमेंट, उर्वरक तथा अन्य वस्तुओं का भी बड़े पैमाने पर परिवहन किया गया। पूर्व रेलवे के प्रमुख माल ढुलाई घटक मुख्य रूप से अवसंरचना विकास से जुड़े हैं, जो न केवल पूर्वी क्षेत्र बल्कि देश के अन्य हिस्सों में भी उद्योग और बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देते हैं। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने पूर्व रेलवे की पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। साथ ही उन्होंने भारतीय रेलवे के सभी जोनों में प्रमुख माल लदान योगदानकर्ता के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखने के लिए टीम के प्रयासों की सराहना की।

## यामाहा ने कोलकाता में एफजेड-एस एफआई हाइब्रिड के लिए 'मेगा माइलेज चैलेंज' किया आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** इंडिया यामाहा मोटर (आईवाईएम) प्राइवेट लिमिटेड ने कोलकाता में एफजेड-एस एफआई हाइब्रिड मोटरसाइकिल के लिए पहली बार 'मेगा माइलेज चैलेंज' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राहकों को हाइब्रिड तकनीक स्मार्ट मोटर जेनरेटर (एसएमजी) और स्टॉप एंड स्टार्ट सिस्टम (एसएसएस) के फायदों से अवगत कराना था, जो बेहतर फ्यूल एफिशिएंसी और कम उत्सर्जन सुनिश्चित करते हैं। बरगद ट्री ऑटोमोबाइल्स, एटीसी इलेक्ट्रॉनिक्स, तनुष्का ऑटो और वेलोसिटी मोटर्स के सहयोग से आयोजित इस चैलेंज में ग्राहकों और उनके परिवार ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने 25 किमी के निर्धारित मार्ग पर बाइक का प्रदर्शन, हैंडलिंग और माइलेज सीधे अनुभव किया। यामाहा विशेषज्ञों ने बेहतर माइलेज के लिए राइडिंग तकनीक और रखरखाव की जानकारी भी साझा की। शीर्ष 5 विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जिसमें शरणदीप पॉल (128.3 केएमपीएल) और सोमनाथ घोष (116.9 केएमपीएल) प्रमुख थे।

# आरक्षित सीटों पर अवैध कब्जे के खिलाफ पूर्व रेलवे का कड़ा रुख

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे ने आरक्षित डिब्बों में अनाधिकृत यात्रियों के प्रवेश के खिलाफ अपने अभियान को और तेज कर दिया है। हाल ही में एक मार्मिक घटना में, सुशांत साहा (बदला हुआ नाम) और उनकी 91 वर्षीय बीमार मां को अपनी वैध सीटों पर अनधिकृत यात्रियों के कब्जे के कारण लंबे समय तक खड़ा रहना पड़ा। टिकट परीक्षक और आरपीएफ के त्वरित हस्तक्षेप के बाद ही उन्हें सीटें मिल सकीं। वृद्धा पर पड़े शारीरिक और मानसिक आघात ने इस घटना की गंभीरता को उजागर किया। पूर्व रेलवे के अनुसार, आरक्षित डिब्बे विशेष रूप से उन यात्रियों के लिए बनाए जाते हैं जिन्होंने यात्रा पहले से योजनाबद्ध की है। ऐसे कोचों में अनधिकृत प्रवेश न केवल सीटों की समस्या उत्पन्न करता है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा, स्वच्छता और मानसिक शांति को भी प्रभावित करता है। यह बुजुर्गों, बीमारों और बच्चों के साथ यात्रा कर रहे परिवारों के लिए विशेष रूप से चिंताजनक है। रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 155 के तहत, बिना अनुमति किसी अन्य यात्री के लिए आरक्षित कोच में प्रवेश करना गंभीर दंडनीय अपराध है। दोषियों को हटाया जाता है, जुर्माना वसूला जाता है और कुछ मामलों में कारावास भी हो सकता है। अवैध भीड़भाड़ ट्रेन संचालन, सुरक्षा जांच, चढ़ाई-उतराई और स्वच्छता प्रणालियों पर भी दबाव डालती है।

इस विषय पर मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि रेलवे की प्राथमिकता प्रत्येक अधिकृत यात्री की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जहां एक ओर प्रशासन अपनी जांच-पड़ताल और सख्ती को बढ़ा रहा है, वहीं दूसरी ओर रेल यात्रा को नागरिक अनुशासन का एक उदाहरण बनना चाहिए। जनता को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सबसे कमजोर वर्ग-जैसे बीमार, बुजुर्ग और बच्चे को कभी भी उस जगह के लिए संघर्ष न करना पड़े, जिसे उन्होंने अपने अधिकार और कानून के तहत सुरक्षित किया है।

# हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के छात्रों का फ्रॉस्टहैक्स एस02 हैकाथॉन में शानदार प्रदर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा :** हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर के फ्रॉस्टहैक्स एस02 हैकाथॉन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो अलग-अलग श्रेणियों में पहला स्थान हासिल किया। यह 36 घंटे का ऑफलाइन हैकाथॉन 26 से 28 मार्च 2026 के बीच एकेडमी ऑफ टेक्नोलॉजी में आयोजित किया गया था, जिसमें देशभर के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

हैकाथॉन के एजुकेशन ट्रैक में एचआईटीके की टीम शीकोड्स ने पहला स्थान प्राप्त किया। इस टीम का नेतृत्व भूमि लाडिया (सीएसई-एआई एंड एमएल, द्वितीय वर्ष) ने किया, जबकि टीम में आशी कौर (सीएआई एंड एमएल, द्वितीय वर्ष) और अरुणिमा दत्ता (सीएसई, द्वितीय वर्ष) शामिल थीं। टीम ने शिक्षा क्षेत्र



से जुड़ी वास्तविक समस्याओं के समाधान के लिए एक प्रभावी तकनीकी प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया, जिसने निर्णायकों को प्रभावित किया।

वहीं, सेफ्टी ट्रैक में टीम साइबर योद्धाज ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। इस टीम के लीडर आयुष कुमार (सीएसई-आईओटी, द्वितीय वर्ष) थे, जबकि शाइस्ता मेहर और धीरज कुमार चौधरी (दोनों सीएसई, द्वितीय वर्ष) टीम के सदस्य थे। टीम ने तकनीक आधारित सुरक्षा समाधान प्रस्तुत किया।

इस हैकाथॉन का आयोजन टीसीएस के सहयोग से किया गया था और अंतिम चरण का मूल्यांकन भी टीसीएस के अधिकारियों द्वारा किया गया। विजेता टीमों को पुरस्कार राशि का चेक डॉ. सुर्केंद्रन केएम, ग्लोबल हेड-टीसीएस अकादमिक इंटरफेस प्रोग्राम द्वारा प्रदान किया गया।

हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के सीईओ प्रदीप अग्रवाल ने छात्रों की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता संस्थान में नवाचार, टीमवर्क और उद्योग-उन्मुख कौशल को बढ़ावा देने के प्रयासों का परिणाम है। वहीं, संस्थान के प्राचार्य प्रो. बासब चौधरी ने इसे मजबूत शैक्षणिक आधार और प्रभावी मार्गदर्शन का प्रमाण बताया।

# पूर्व रेलवे की वित्त वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड उपलब्धि

## स्क्रैप बिक्री से 600 करोड़ से अधिक की आय

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने वित्त वर्ष 2025-26 में 30 मार्च 2026 तक 600 करोड़ से अधिक की स्क्रैप बिक्री दर्ज कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में दर्ज 537 करोड़ की स्क्रैप बिक्री से काफी अधिक है, जो संसाधनों के बेहतर उपयोग और परिचालन दक्षता के प्रति रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह सफलता पूर्व रेलवे के सभी स्क्रैप बिक्री डिपो के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक संदीप शुक्ला के मार्गदर्शन में पूरे वर्ष नियमित रूप से नीलामियां आयोजित की गईं, जिससे स्क्रैप के व्यवस्थित और समयबद्ध निपटान को सुनिश्चित किया जा सका। ये पहल पूर्व रेलवे के जीरो स्क्रैप मिशन के अनुरूप की गईं, जिसका उद्देश्य निष्क्रिय संपत्तियों के संचय को कम करना और राजस्व सृजन को बढ़ाना है। इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने कहा कि स्क्रैप एक निष्क्रिय संपत्ति है, जिसे समय पर निपटान कर प्रभावी रूप से राजस्व में बदला जा सकता है। उन्होंने कहा कि पूर्व रेलवे लगातार संचित स्क्रैप के शीघ्र निपटान पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और इस रिकॉर्ड उपलब्धि में सभी मंडलों और कारखानों के सामूहिक प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पूर्व रेलवे की यह उपलब्धि परिचालन दक्षता, वित्तीय अनुशासन और सतत संपत्ति प्रबंधन के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। रेलवे प्रशासन ने भविष्य में भी इस गति को बनाए रखने और संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए अपनी प्रणालियों को और मजबूत करने का संकल्प दोहराया है।

# हनुमान जयंती को लेकर पुलिस अलर्ट, बांसबेड़िया में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**हुगली :** राम नवमी के बाद अब जिले में हनुमान जयंती को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गई है। बांसबेड़िया में हर साल निकलने वाली भव्य शोभायात्रा को देखते हुए इस बार भी सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कुमार सनी राज ने शोभायात्रा के निर्धारित रूट का निरीक्षण किया। यह यात्रा बांसबेड़िया जूट मिल कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर से शुरू होकर इस्लामपाड़ा, शिवपुर, मिल फाड़ी, मिल गेट और साहेब बगान होते हुए करीब 3.5 किलोमीटर तक जाएगी। आगामी 2 अप्रैल को आयोजित होने वाली इस शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

एसपी ने बताया कि पूरे क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया जाएगा और चार कंपनियां केंद्रीय बल की भी मौजूद रहेंगी। सुरक्षा के मद्देनजर ड्रोन



कैमरों से निगरानी, वॉच टावर की स्थापना और संवेदनशील स्थानों पर विशेष नजर रखी जाएगी। साथ ही स्टेशन परिसरों में भी रेलवे सुरक्षा कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने मंदिर परिसर में आयोजकों से बैठक कर सभी नियमों का पालन करने की अपील की। स्थानीय लोगों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा गया है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें और खुद से कोई निर्णय न लें।

इस अवसर पर डीएसपी क्राइम अभिजित सिन्हा महापात्र, थाना आईसी सौमेन विश्वास, सीआई राज किरण मुखोपाध्याय और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। हनुमान जयंती के मौके पर निकलने वाली यह शोभायात्रा क्षेत्र की प्रमुख धार्मिक परंपराओं में से एक है, जिसमें ढोल-नगाड़ों और भक्ति संगीत के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेते हैं। प्रशासन का लक्ष्य है कि यह आयोजन पूरी तरह शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो।

## पूर्व रेलवे चलाएगी मालदह टाउन और आनंद विहार टर्मिनल के बीच स्पेशल ट्रेन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा मालदह टाउन और आनंद विहार टर्मिनल के बीच स्पेशल ट्रेन चलायी जा रही है। इसके तहत, 03435 मालदह टाउन - आनंद विहार (टी) स्पेशल ट्रेन 31 मार्च 2026 को सुबह 09:50 बजे मालदह टाउन से रवाना होगी और अगले दिन 1 अप्रैल को सुबह 13:40 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। वहीं, 03436 आनंद विहार (टी) - मालदह टाउन स्पेशल ट्रेन 1 अप्रैल 2026 को दोपहर 14:50 बजे आनंद विहार टर्मिनल से रवाना होगी और अगले दिन 2 अप्रैल को रात 22:30 बजे मालदह टाउन पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में पूर्व रेलवे क्षेत्र के अंतर्गत न्यू फरक्का, बरहरवा, साहिबगंज, पिरपैंती, कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर और अभायपुर स्टेशनों पर ठहरेगी। ट्रेन में जनरल सेकंड क्लास, स्लीपर क्लास और एसी कोच उपलब्ध होंगे। यात्रियों के लिए 03435 मालदह टाउन - आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल की बुकिंग पीआरएस काउंटर और इंटरनेट के माध्यम से की जा सकेगी।

# महावीर जयंती पर सेवा, संस्कार और समर्पण का प्रेरक कार्यक्रम

**कोलकाता :** भगवान महावीर जयंती के पावन अवसर पर श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, काकुड गाछी के तत्वावधान में काकुड़गाछी परिवार द्वारा सेवा और करुणा से परिपूर्ण एक सराहनीय पहल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय अस्पतालों, अनाथालयों और अन्य सेवा केंद्रों में फल और मिठाई वितरण किया गया, जिसने मानवता के सच्चे संदेश जियो और जीने दो को जीवंत कर दिया। इस पुनीत कार्य में भागचंद काला, अजीत सेठी, पन्ना छाबड़ा, सागर कासलीवाल, धूपेंद्र सेठी, दिलीप छाबड़ा (मिर्जापुर), मनीष प्रीति पाटनी, नेहा पंड्या, श्वेता गंगवाल, ग्रंथ जैन सहित अनेक गणमान्य सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। काकुड़गाछी परिवार की महिलाओं ने भी पूरे उत्साह और समर्पण के साथ इस सेवा कार्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विशेष रूप से जब दिव्यांग बच्चों के बीच फल और मिठाई वितरित की गई, तब उनके चेहरे पर झलकती मुस्कान और खुशी ने इस सेवा कार्य को और अधिक सार्थक बना दिया। यही भाव ईएसआई अस्पताल के मरीजों में भी देखने को मिला, जहां सभी ने काकुड गाछी परिवार के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए महेंद्र जैन ने बताया कि काकुड़गाछी परिवार द्वारा प्रत्येक वर्ष महावीर जयंती के अवसर पर इस प्रकार के सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिससे समाज में दया, सेवा और परोपकार की भावना को बढ़ावा मिलता है। इसके पूर्व प्रातःकाल मंदिर जी से काकुड़गाछी एवं फूलबागान क्षेत्र में भव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया गया, जिसमें भगवान महावीर के जीवन से संबंधित सुंदर झांकियों का प्रदर्शन किया गया। इस प्रभात फेरी में महिलाएं केसरिया वस्त्रों में और पुरुष वर्ग श्वेत वस्त्रों में अनुशासित पंक्तियों में भजन गाते हुए आगे बढ़ रहे थे, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय और प्रेरणादायी बन गया। काकुड़गाछी परिवार ने इस पावन अवसर पर समस्त विश्व के लिए सुख, शांति और समृद्धि की मंगलकामनाएं प्रेषित की। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक था, बल्कि समाज सेवा के माध्यम से भगवान महावीर के अहिंसा, करुणा और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का एक सुंदर प्रयास भी साबित हुआ।

# पश्चिम बंगाल सरकार ने जनगणना के लिए अब तक अधिसूचना जारी नहीं की है : आरजीआई

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार ने अभी तक जनगणना कराने की अधिसूचना जारी नहीं की है और इस मुद्दे को राज्य के समक्ष उठाया गया है। पश्चिम बंगाल के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमारे पास पहले चरण की प्रक्रिया पूरी करने के लिए 30 सितंबर तक का समय है। उन्होंने कहा, 'पश्चिम बंगाल ने जनगणना कराने की अधिसूचना जारी नहीं की है। हमने इस मुद्दे को उनके समक्ष उठाया है। उम्मीद है कि वे जल्द ही अधिसूचना जारी करेंगे, क्योंकि यह कानूनी रूप से अनिवार्य प्रक्रिया है। हमारे पास पहले चरण की प्रक्रिया के लिए 30 सितंबर तक का समय है।' वर्ष 2027 की जनगणना दो चरणों में की जा रही है - पहला चरण आवास सूचीकरण और आवास गणना के रूप में जाना जाता है, और दूसरा चरण लोगों की गणना यानी जनगणना का है। आवास सूचीकरण अभियान प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश द्वारा अधिसूचनाओं के माध्यम से इस वर्ष एक अप्रैल से 30 सितंबर के बीच निर्दिष्ट 30 दिनों की अवधि के दौरान चलाया जाएगा। आवास सूची तैयार करने की प्रक्रिया शुरू होने से 15 दिन पहले स्व-गणना कराने का विकल्प भी उपलब्ध होगा। नारायण ने कहा कि जनगणना केंद्र शासित प्रदेश का विषय है और संविधान की सातवीं अनुसूची में क्रमांक 69 पर सूचीबद्ध है। यह जनगणना अधिनियम, 1948 और जनगणना नियम, 1990 के तहत आयोजित की जाती है। उन्होंने कहा कि जनगणना राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों के सहयोग से की जाती है। दिल्ली में घर-घर सूचीकरण का चरण दो चरणों में 30-30 दिनों के अंतराल में पूरा किया जाएगा। नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) और दिल्ली छावनी क्षेत्रों में यह प्रक्रिया 16 अप्रैल से 15 मई तक और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) क्षेत्र में 16 मई से 15 जून तक चलेगी। एनडीएमसी और दिल्ली छावनी क्षेत्रों के लिए स्व-गणना एक अप्रैल से और एमसीडी के लिए एक मई से 15 मई तक शुरू होगी। दस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) ने अप्रैल में इस प्रक्रिया का पहला चरण शुरू करने के लिए अधिसूचना जारी की है, जबकि 15 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश इसे मई में शुरू करेंगे। इसी तरह 10 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश जून या उसके बाद पहला चरण शुरू करेंगे।

# पांडुआ में दिनदहाड़े युवक पर हमला, चाकू मारकर 3 लाख रुपये लूटकर फरार

**हुगली :** जिले के पांडुआ क्षेत्र में दिनदहाड़े लूट की एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। अज्ञात बदमाशों ने एक युवक पर हमला कर उसे चाकू मारकर उससे करीब 3 लाख रुपये लूट लिए और मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, पांडुआ के जामग्राम मंडलाई ग्राम पंचायत के वोटग्राम इलाके के निवासी सोमनाथ बाउलदास(21) सोमवार दोपहर करीब 2 बजे पांडुआ-कलना मोड़ स्थित एक सरकारी बैंक से 3 लाख रुपये निकालकर स्कूटी से अपने घर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि उनके घर में कुछ दिनों बाद हरिनाम संकीर्तन का आयोजन होना है, जिसके लिए यह रकम निकाली गई थी। सोमनाथ के चाचा अशोक बाउलदास ने बताया कि उनके परिवार की ओर से हर वर्ष इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जिसमें तीन दिनों तक नाम-कीर्तन और नर-नारायण सेवा का आयोजन होता है। घटना के अनुसार, जब सोमनाथ सराय गांव के एक सुनसान रास्ते से गुजर रहे थे, तभी दो बाइक पर सवार चार अज्ञात बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। आरोप है कि बदमाशों ने उनके सिर के पीछे जोरदार वार किया और चाकू से उनके हाथ पर हमला कर दिया। हमले के बाद सोमनाथ स्कूटी समेत सड़क किनारे गिर पड़े। इसके बाद बदमाश स्कूटी की डिक्की में रखे 3 लाख रुपये लेकर मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने घायल अवस्था में सोमनाथ को बचाकर पांडुआ ग्रामीण अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पांडुआ थाने की पुलिस अस्पताल पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस फरार बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है।

# सत्ता–समर चुनाव–2026

# देश को लूटने के लिए समाज के सभी वर्गों के बीच झगड़ा पैदा कर रही भाजपा : ममता



**बेल्दा :** तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर समाज के सभी वर्गों के बीच झगड़ा कराने का आरोप लगाया और दावा किया कि वह इस स्थिति का फायदा उठाकर देश को लूटना चाहती है। मुख्यमंत्री ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल सरकार के खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सियासी 'आरोपपत्र' पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा, पहला आरोपपत्र उनके (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह) खिलाफ दाखिल किया जाना चाहिए, जिन्होंने दंगे भड़काकर सत्ता हासिल की। उन्होंने पश्चिम मेदिनीपुर जिले में रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया, भाजपा समाज के सभी वर्गों में झगड़ा करा रही है। वह ऐसी स्थिति का फायदा उठाकर देश को लूटना चाहती है। उन्होंने भाजपा पर प्रशासनिक व पुलिस सेवाओं तक सभी मामलों में हिंदू और मुसलमानों को बांटने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि सिविल सेवा के सदस्यों और उत्कृष्ट कार्य करने वालों समेत कई सरकारी अधिकारियों का अपमान किया जा रहा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने कहा कि कई वरिष्ठ अधिकारियों को निर्वाचन आयोग की मांग पर भाजपा के दबाव में दूसरे चुनावी राज्यों में मनमाने ढंग से स्थानांतरित किया गया है। बनर्जी ने कहा कि यह सब उच्चस्तर के राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण हुआ है। उन्होंने कहा, हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं, लेकिन भाजपा पाखंडी है। वह किसी भी धर्म से प्रेम नहीं करती। जिस तरह से वे देश चला रहे हैं, मुझे लगता है कि उन्हें एक-दो महीने में दिल्ली छोड़नी पड़ेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि 2016 की नोटबंदी के दौरान कतारों में इंतजार करते हुए लगभग 200 लोगों की मौत हुई थी। बनर्जी ने यह भी दावा किया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में मुसलमानों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए। उन्होंने आरोप लगाया, हिंदू और आदिवासी भी इससे नहीं बच पाए। टीएमसी प्रमुख ने दो-हराया कि उनकी पार्टी उन लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करेगी, जिनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। पिछले 15 वर्षों में अपनी सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने दावा किया कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने 100 दिन की रोजगार गारंटी, पक्का मकान निर्माण और सड़कों जैसी कल्याणकारी योजनाओं के लिए फंड रोक दिए हैं। बनर्जी ने कहा कि उनकी सरकार ने इन परियोजनाओं को अपने संसाधनों से जारी रखा और सवाल किया कि केंद्र ने राज्य का बकाया दो लाख करोड़ रुपये क्यों जारी नहीं किया। पश्चिम मेदिनीपुर जिले के पांशकुरा पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने अमित शाह की राजनीतिक चार्जशीट पर कड़ी आपत्ति जताई और कहा, चोरों की पार्टी हजारों करोड़ रुपये लेकर (चुनाव में) आई है, लेकिन जनता आपको ही चार्जशीट देगी। बनर्जी ने कहा कि उनकी सरकार ने कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं और इनका लाभ देने में किसी से धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि 'बांग्लार युवा साथी' योजना के तहत बेरोजगार युवाओं को दी जाने वाली 1,500 रुपये की मासिक सहायता कोई खैरात नहीं, बल्कि नौकरी मिलने तक जेबखर्च है। उन्होंने आरोप लगाया, उन्होंने (भाजपा) हर साल दो करोड़ नौकरियों का वादा किया था। हकीकत में देश में बेरोजगारी 40 प्रतिशत बढ़ी है, जबकि बंगाल में हमने इसे कम किया है। उन्होंने लोगों से कहा कि अगर चुनाव में टीएमसी हारती है, तो भाजपा आपसे सब कुछ छीन लेगी।

### टिकट नहीं मिलने पर बगावत नहीं: ममता बनर्जी ने तृणमूल नेताओं को दी कड़ी चेतावनी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पार्टी के भीतर टिकट बंटवारे को लेकर चल रही असंतोष की खबरों के बीच तृणमूल कांग्रेस के नेताओं को सख्त संदेश दिया है। नारायणगढ़ में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि टिकट नहीं मिलने का मतलब पार्टी के खिलाफ बगावत करना नहीं होता। ममता बनर्जी ने कहा, पार्टी का टिकट नहीं मिलने पर किसी को विद्रोह नहीं करना चाहिए। टिकट नहीं मिलने का अर्थ यह नहीं है कि पार्टी का विरोध किया जाए। अनुशासन ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है और इसके साथ किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने नेताओं को एकजुट रहने और जनता की सेवा पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह देते हुए कहा कि जो नेता जनता से जुड़े रहेंगे और लोगों के लिए काम करेंगे, उन्हें आगे अवसर जरूर मिलेगा। उन्होंने कहा कि चयन नहीं होने पर नाराज होने का कोई कारण नहीं है। ममता बनर्जी ने यह भी स्पष्ट किया कि उम्मीदवार चयन प्रक्रिया में किसी का अपमान नहीं किया गया है और सभी को मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा, किसी को एक बार टिकट मिल सकता है, लेकिन हर बार मिलना जरूरी नहीं है। हमारा लक्ष्य जनता के साथ खड़ा रहना और मिलकर काम करना होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सार्वजनिक रूप से असंतोष जताना मतदाताओं को पसंद नहीं आता और पार्टी नेतृत्व भी इसे बर्दाश्त नहीं करेगा।

# नंदीग्राम से शुभेंदु अधिकारी ने भरा नामांकन, बंगाल में भाजपा की निर्णायक जीत का किया दावा



कोलकाता : पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को पूर्व मेदिनीपुर जिले की नंदीग्राम विधानसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उन्होंने राज्य में भाजपा की निर्णायक जीत का दावा भी किया। शुभेंदु अधिकारी ने हल्दिया स्थित उप मंडलाधिकारी कार्यालय में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष सहित कई वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया। जिले के दो अन्य भाजपा प्रत्याशियों ने भी उनके साथ नामांकन पत्र जमा किया। नामांकन के बाद शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि इस बार मतदाताओं के बीच भाजपा के प्रति समर्थन पहले से कहीं अधिक है। उन्होंने कहा कि भाजपा पश्चिम बंगाल में स्वच्छ, भ्रष्टाचार मुक्त, विकासोन्मुख और नैतिक सरकार देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी दावा किया कि वह नंदीग्राम के साथ-साथ भवानीपुर विधानसभा सीट से भी जीत दर्ज करेंगे। भाजपा ने उन्हें तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ एक हाई प्रोफाइल मुकाबले में इन दोनों सीटों से उम्मीदवार बनाया है। भवानीपुर सीट पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और शुभेंदु अधिकारी के बीच सीधा मुकाबला होने से यह सीट राज्य की सबसे चर्चित सीटों में शामिल हो गई है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव में शुभेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम सीट से ममता बनर्जी को बेहद कम अंतर से हराया था, जिसके बाद से यह क्षेत्र राज्य की सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक रणभूमि में गिना जाता है।

# पश्चिम बंगाल चुनाव: पहले दिन 78 नामांकन पत्र दाखिल किए गए

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल चुनाव के पहले चरण में मतदान वाले 152 विधानसभा क्षेत्रों के लिए सोमवार को कुल 78 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। पूर्वी मेदिनीपुर उन जिलों में से एक है जहां सबसे अधिक नामांकन पत्र दाखिल किए गए, जिसमें नंदकुमार, महिसादल और नंदीग्राम सीटों पर तीन-तीन उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र जमा किए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शुभेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उत्तरी बंगाल में, मेकलीगंज, माथाभंगा और कूच बिहार उत्तर जैसे निर्वाचन क्षेत्रों में दो-दो नामांकन पत्र दाखिल किए गए, जबकि अलीपुरदुआर, जलपाईगुड़ी और दार्जिलिंग जिलों की कई सीट पर पहले दिन कोई नामांकन दाखिल नहीं हुआ। राज्य की 294 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान दो चरणों में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को होगा और मतगणना चार मई को होगी। पहले चरण में नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि छह अप्रैल है।


**Name Change**

I, Mohammad Taj son of Late Md. Mojim, residing at Kamkhuli Burir Math, Bidhangarh, Rabindra Nagar, Kolkata-700066, do hereby solemnly affirm and declare that Farida Khatun is my wife and my daughter's correct name is Zulekha Khatun and Zulekha Khatun and Farida Farida Khatun Khatun is the same and one identical person via affidavit before the Ld Judicial Magistrate 1st Class at Alipore dated 25th March 2026

**Name Change**

I, Kapildeo Gupta (old name), S/o Late Kedar Nath Gupta, residing at Chawaria Khurd, Gorakhpur, Uttar Pradesh, Pin- 273413, INDIA, have changed my name and shall henceforth be known as Kapil Dev Gupta (new name) as declared before the Notary public at Kolkata dated 30/03/2026. Kapil Dev Gupta (new name) and Kapildeo Gupta (old name) both are same and identical person.

**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/कर्षण/दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 द्वारा मदों के सामने उल्लिखित तिथि को 15.00 बजे से पूर्व ई-निविदा आमंत्रित की जाती है एवं 15.30 बजे खोली जाएगी। **निविदा सूचना सं. : टीआरडी-केजीपी-डब्ल्यू-2025-26-38आरटी, दिनांक 27.03.2026, कार्य का विवरण:** खड़गपुर मंडल के अंतर्गत, बंदरों की समस्या से बचाव के लिए ओएचई मास्ट/पोर्टल/ टीटीसी पर एंटी-क्लाइंबिंग डिवाइस की व्यवस्था का प्रावधान, लाइव पार्ट और अर्थ के शॉर्टिंग से बचाव के लिए एसटी, बीटी और 9-टन इंसुलेटर पर एंटी-बर्ड डिस्क की व्यवस्था का प्रावधान, आइसोलेटर पर 18 मिमी कॉपर बस बार की व्यवस्था का प्रावधान और पोर्टल बूम के अंदर यूवी सुरक्षित एचडीपीई मेश का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 1,02,63,334/- **बयाना राशि :** रु. 2,01,300/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। **जमा करने की तिथि:** 20.04.2026 को 15.00 बजे तक। **खुलने की तिथि :** 20.04.2026, इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण, वर्णन, विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www. ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस कार्य के लिए कोई मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **टिप्पणी:** प्रत्याशित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। **(PR-1361)**


# बंगाल में भाजपा ही शांति ला सकती है और सीमा की सुरक्षा कर सकती है : दिलीप घोष

❑ **ममता सरकार पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का लगाया आरोप**

**कोलकाता :** बंगाल भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने तृणमूल कांग्रेस सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि राज्य में अशांति के कारण पूरा देश पीड़ित है और केवल भाजपा ही इस क्षेत्र में शांति ला सकती है। घोष ने ममता सरकार पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा कि अवैध तरीके से सीमा पार कर बांग्लादेश से आने वाले लोग, जिनमें अपराधी और आतंकवादी शामिल हैं, पूरे देश में तबाही मचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्थिति को देखते हुए तत्काल प्रशासनिक नियंत्रण की आवश्यकता है और बंगाल में हर हाल में उचित शासन होना चाहिए।

सख्त शासन की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को ठीक करना होगा, और जब तक भाजपा यहां सत्ता में नहीं आती, सुधार की कोई संभावना नहीं है। केवल भाजपा ही इस राज्य में शांति ला सकती है और सीमा की सुरक्षा कर सकती है।

उन्होंने भाजपा के सुनियोजित राजनीतिक आक्रमण का जिक्र करते हुए कहा कि जनता तृणमूल के आरोपों का आगामी चुनाव में वोट के जरिए जवाब देगी।

खडगपुर सदर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार घोष ने सत्ताधारी दल पर पहचान की राजनीति का आरोप लगाते हुए कहा कि बंगाली पूरी दुनिया में सम्मानित हैं। आप बाहर से उम्मीदवारों को यहां लाते हैं – बिहार, गुजरात से और फिर यह स्पष्ट हो जाता है कि कौन किसका समर्थन करता है।

# बंगाल चुनाव से पहले पांच डब्ल्यूबीसीएस अधिकारियों का तबादला

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के चार वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि यह स्थानांतरण विधानसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल सिविल सेवा (कार्यकारी) के पांच अधिकारियों के फेरबदल के तहत उठाया गया है। यह फेरबदल प्रशासनिक निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग के प्रस्ताव के बाद किया गया। जिन अधिकारियों के तबादले किये गए हैं उनमें मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में कार्यरत अधिकारी और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के एक अधिकारी शामिल हैं। कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुब्रत पाल को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में वरिष्ठ उप सचिव के पद पर स्थानांतरित किया गया है। इसमें कहा गया है कि सीईओ नरेंद्र नाथ दत्त के कार्यालय में एक अतिरिक्त सचिव को श्रम विभाग में अतिरिक्त सचिव के रूप में तैनात किया गया है, जबकि उसी पद पर कार्यरत सुप्रिया दास को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और बागवानी विभाग में इसी तरह के पद पर स्थानांतरित किया गया है। इसमें कहा गया है कि सीईओ कार्यालय में संयुक्त सचिव रहीं मीठू सरकार को अल्पसंख्यक मामलों और मदरसा शिक्षा विभाग में संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। इसमें बताया गया है कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्यरत राहुल नाथ को सीईओ कार्यालय में संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि ये तबादले चुनाव पूर्व नियमित उपायों का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, इस तरह के तबादले निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने और चुनावी प्रक्रिया की शुचिता बनाए रखने के लिए किए जाते हैं। अधिसूचना के अनुसार, अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से और अगले आदेश तक नए पदों पर स्थानांतरित कर दिया गया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा की 294 सीट के लिए चुनाव दो चरणों में – 23 और 29 अप्रैल को होंगे। मतों की गिनती 4 मई को होगी।

# मतदान के दिन सवेतन छुट्टी की घोषणा, बंगाल सरकार ने जारी की निर्देशिका

❑ **मतदान के दिनों को 'ड्राई डे' घोषित किया गया**

**कोलकाता :** आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए बंगाल सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है। वित्त विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, मतदान के दिन संबंधित क्षेत्रों में कर्मचारियों को सवेतन अवकाश दिया जाएगा, ताकि सभी मतदाता बिना किसी बाधा के अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग कर सकें। निर्देशिका में बताया गया है कि राज्य में कई चरणों में मतदान होगा। पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल और दूसरे चरण का मतदान 29 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। इन तिथियों पर संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में सभी सरकारी कार्यालय, शैक्षणिक संस्थान, व्यावसायिक प्रतिष्ठान और औद्योगिक इकाइयों के कर्मचारियों को छुट्टी देनी अनिवार्य होगी। यह निर्देश 'रिप्रेजेंटेशन आफ द पीपल एक्ट, 1951' के तहत लागू किया गया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि कोई भी संस्था या नियोक्ता कर्मचारियों को मतदान करने से नहीं रोक सकता। जो कर्मचारी किसी अन्य स्थान पर कार्यरत हैं लेकिन संबंधित क्षेत्र के मतदाता हैं, उन्हें भी वोट देने का अवसर देना होगा। आदेश का उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। इसके अलावा, मतदान के दिनों को 'ड्राई डे' घोषित किया गया है। यानी इन दिनों शराब की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी, ताकि चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। प्रशासन का मानना है कि इस फैसले से मतदाताओं की भागीदारी बढ़ेगी और निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव सुनिश्चित होगा। यह निर्णय चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुरूप लिया गया है।


**पूर्व रेलवे**

**नीलामी आमंत्रण सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत 05 वर्ष की अवधि के लिए **स्टेशनों पर 02 (दो) प्रीमियम ब्राण्ड कैटरिंग आउटलेट (पीबीसीओ) के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं के प्रावधान और 02 (दो) कैंटीन के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं के प्रावधान** के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी के लिए ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से **www.ireps.gov.in** का संदर्भ लें। नीलामी का विवरण निम्नानुसार है: **(क) ऑक्शन कैटलॉग सं.: पीबीसीओ-कैंटीन-26, क्रम सं.: 1, अनुक्रम सं.: एबी/1, लॉट सं./कैटेगरी: एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-पीएस-72-26-1 (एमआईएससी-स्टेटिक-सर्विसेस-प्रीमियम स्टोर्स), विवरण :** 05 वर्ष के लिए प्रीमियम ब्राण्डेड कैटरिंग आउटलेट की स्थापना, रखरखाव, परिचालन एवं प्रबंधन। (हावड़ा स्टेशन, न्यू कॉम्प्लेक्स/यात्री निवास एंट्री गेट के पास), **अंतिम तिथि/समय:** 07.04.2026, 14.50 बजे। **क्रम सं.:2, अनुक्रम सं.:** एबी/2, **लॉट सं./कैटेगरी: एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-डीकेएई-पीएस-74-26-1 (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-प्रीमियम स्टोर्स), विवरण :** 05 वर्ष के लिए प्रीमियम ब्राण्डेड कैटरिंग आउटलेट की स्थापना, रखरखाव, परिचालन एवं प्रबंधन। (डानकुनी स्टेशन, न्यू कॉलोनी के पास)। **अंतिम तिथि/समय:** 07.04.2026, 15.00 बजे। **न्यूनतम वृद्धि (%):** 0.2 (क्रम सं. 1 एवं 2 के लिए)। **ईएमडी :** 10% (क्रम सं. 1 एवं 2 के लिए)। **टर्नओवर की आवश्यकता:** अनुबंध की विशेष शर्तों के पैरा-2 (v) के अनुसार टर्नओवर की आवश्यकता होगी (क्रम सं. 1 एवं 2 के लिए)। **(ख) ऑक्शन कैटलॉग सं.: पीबीसीओ-कैंटीन-26, क्रम सं.: 1, अनुक्रम सं.: एए/1, लॉट सं./कैटेगरी: एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एसएमएई-एसटीजीएन-76-26-1 (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-स्टैटिक जनरल), विवरण :** 05 वर्ष की अवधि के लिए कैंटीन का निर्माण, परिचालन एवं रखरखाव। (समुद्रगढ़ स्टेशन, स्टेशन एप्रोच रोड के सामने/अधिकृत साइकिल गैरेज के पास)। **अंतिम तिथि/समय:** 07.04.2026, 14.30 बजे। **क्रम सं.:2, अनुक्रम सं.:** एए/2, **लॉट सं./कैटेगरी: एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-डीकेएई-एसटीजीएन-27-26-1 (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-स्टैटिक जनरल), विवरण :** 05 वर्ष की अवधि के लिए कैंटीन का प्रावधान। (डानकुनी स्टेशन, गुड्स शेड एरिया)। **अंतिम तिथि/समय:** 07.04.2026, 14.40 बजे। **न्यूनतम वृद्धि (%):** 0.2 (क्रम सं. 1 एवं 2 के लिए)। **ईएमडी :** 10% (क्रम सं. 1 एवं 2 के लिए)। **टर्नओवर की आवश्यकता:** 0 (क्रम सं. 1 एवं 2 के लिए)।

HWH-715/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter


# मतदाता सूची में नाम नहीं, हाई कोर्ट ने कांग्रेस प्रत्याशी को सुप्रीम कोर्ट जाने की दी सलाह

### मतदाता सूची में नाम नहीं होने से चुनाव लडने़ पर पैंदा हो गई हैं अनिश्चितता



**कोलकाता :** बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के फरक्का विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर उम्मीदवार बने महताब शेख एक अजीब कानूनी पेच में फंस गए हैं। चुनावी मैदान में होने के बावजूद उनका नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल नहीं है, जिससे उनके चुनाव लडने़ पर ही अनिश्चितता पैदा हो गई है। इस समस्या के समाधान के लिए महताब शेख ने कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उनके वकील फिरदौस शमीम ने सोमवार को अदालत को बताया कि एसआइआर (मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण) प्रक्रिया के तहत जारी अंतिम मतदाता सूची में नाम नहीं होने के कारण उनके मुवक्किल के चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने को लेकर संशय की स्थिति बन गई है। वकील ने यह भी दलील दी कि इस तरह के मामलों के निपटारे के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर ट्राइब्यूनल की व्यवस्था तो है, लेकिन वह अभी तक प्रभावी नहीं हो पाई है। ऐसे में उम्मीदवार की स्थिति स्पष्ट करने और चुनाव में किसी बाधा से बचने के लिए हाई कोर्ट से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की गई। हालांकि, कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल ने स्पष्ट किया कि एसआइआर से जुड़े सभी मामलों की सुनवाई फिलहाल सुप्रीम कोर्ट के अधीन है। शीर्ष अदालत के निर्देशों के मुताबिक हाई कोर्ट इस मामले में सुनवाई नहीं कर सकता। मुख्य न्यायाधीश ने यह भी कहा कि हाई कोर्ट इस समय केवल एसआइआर से जुड़े प्रशासनिक पहलुओं की निगरानी कर रहा है। ऐसे में इस कानूनी विवाद को सुलझाने का अधिकार फिलहाल हाई कोर्ट के पास नहीं है। अदालत ने याचिकाकर्ता को सीधे सुप्रीम कोर्ट का रुख करने की सलाह दी है।

# पश्चिम बंगाल में राजनीतिक लड़ाई जनता बनाम सरकार बन चुकी है : अमित मालवीय

**कोलकाता :** भारतीय जनता पार्टी के नेता अमित मालवीय ने पश्चिम बंगाल की मौजूदा राजनीतिक स्थिति को लेकर राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि आज का चुनाव दो राजनीतिक दलों के बीच की लड़ाई नहीं, बल्कि जनता और उस शासन के बीच है जिसने अपनी नैतिक वैधता खो दी है। मालवीय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर किए गए अपने पोस्ट में आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ऐसे लोगों को संरक्षण देती हैं, जिन्होंने गंभीर मामलों में आरोपितों का बचाव किया। उन्होंने यह भी दावा किया कि कामदुनी सामूहिक दुष्कर्म मामले में न्याय के लिए आवाज उठाने वालों को अपमानित किया गया और उन्हें हाशिये पर डाल दिया गया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को कभी नजरअंदाज किया गया या दबाने की कोशिश की गई, वही अब न्याय की मांग को लेकर खड़े हो रहे हैं। मालवीय के अनुसार, पानीहाटी से भाजपा उम्मीदवार रत्ना देबनाथ और कामदुनी की तुम्पा कयाल जैसे लोगों का भाजपा के साथ जुड़ना राजनीतिक कदम नहीं बल्कि न्याय की लड़ाई का प्रतीक है। भाजपा नेता ने अपने बयान में कहा कि राज्य में भाजपा अब केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि आम लोगों की आवाज का मंच बनती जा रही है, जो अराजकता और कथित अत्याचार के खिलाफ खड़े हैं। उन्होंने अपने संदेश के अंत में कहा कि यह चुनाव तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच नहीं बल्कि तृणमूल कांग्रेस और बंगाल की जनता के बीच है और जनता अपना मन बना चुकी है। इस बार ममता बनर्जी की विदाई तय है।


**अंडाल और दुर्गापुर स्टेशनों के बीच कुछ मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का आंशिक निरस्तीकरण जारी रहेगा**

निम्नलिखित मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का इंजन दुर्गापुर स्टेशन के बजाय अंडाल स्टेशन पर बदलना **दिनांक 30.06.2026** तक जारी रहेगा। इसलिए, ये ट्रेनें अपने वर्तमान मार्ग आसनसोल-अंडाल-दुर्गापुर-अंडाल-साइंथिया के बदले आसनसोल-अंडाल-साइंथिया होकर परिवर्तित मार्ग से चलेंगी और अंडाल एवं दुर्गापुर स्टेशनों के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेंगी।

**(1) 12551 एसएमवीटी, बेंगलुरु-कामाख्या एसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू की तारीख 04/04, 11/04, 18/04, 25/04, 02/05, 09/05, 16/05, 23/05, 30/05, 06/06, 13/06, 20/06 एवं 27.06.2026 (शनिवार)]। **अंडाल में ठहरने का समय:** आगमन 20.00 बजे, प्रस्थान 20.01 बजे। **(2) 12552 कामाख्या-एसएमवीटी, बेंगलुरु एसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू की तारीख 01/04, 08/04, 15/04, 22/04, 29/04, 06/05, 13/05, 20/05, 27/05, 03/06, 10/06, 17/06 एवं 24.06.2026 (बुधवार)]। **अंडाल में ठहरने का समय:** आगमन 06.45 बजे, प्रस्थान 06.47 बजे। **(3) 13417 दीघा-मालदा टाउन एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू की तारीख 02/04, 09/04, 16/04, 23/04, 30/04, 07/05, 14/05, 21/05, 28/05, 04/06, 11/06, 18/06 एवं 25.06.2026 (गुरुवार)]। **अंडाल में ठहरने का समय:** आगमन 08.10 बजे, प्रस्थान 08.11 बजे। **(4) 13418 मालदा टाउन-दीघा एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू की तारीख 02/04, 09/04, 16/04, 23/04, 30/04, 07/05, 14/05, 21/05, 28/05, 04/06, 11/06, 18/06 एवं 25.06.2026 (गुरुवार)]। **अंडाल में ठहरने का समय:** आगमन 12.43 बजे, प्रस्थान 12.45 बजे। **(5) 13425 मालदा टाउन-सूरत एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू की तारीख 04/04, 11/04, 18/04, 25/04, 02/05, 09/05, 16/05, 23/05, 30/05, 06/06, 13/06, 20/06 एवं 27.06.2026 (शनिवार)]। **अंडाल में ठहरने का समय:** आगमन 16.41 बजे, प्रस्थान 16.43 बजे। **(6) 13426 सूरत-मालदा टाउन एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू की तारीख 06/04, 13/04, 20/04, 27/04, 04/05, 11/05, 18/05, 25/05, 01/06, 08/06, 15/06, 22/06 एवं 29.06.2026 (सोमवार)]। **अंडाल में ठहरने का समय:** आगमन 00.02 बजे, प्रस्थान 00.04 बजे। **(7) 15629 ताम्बरम-सिलघाट टाउन नगांव एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू की तारीख 06/04, 13/04, 20/04, 27/04, 04/05, 11/05, 18/05, 25/05, 01/06, 08/06, 15/06, 22/06 एवं 29.06.2026 (सोमवार)]। **अंडाल में ठहरने का समय:** आगमन 03.41 बजे, प्रस्थान 03.42 बजे। **(8) 15630 सिलघाट टाउन-ताम्बरम नगांव एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू की तारीख 03/04, 10/04, 17/04, 24/04, 01/05, 08/05, 15/05, 22/05, 29/05, 05/06, 12/06, 19/06 एवं 26.06.2026 (शुक्रवार)]। **अंडाल में ठहरने का समय:** आगमन 08.10 बजे, प्रस्थान 08.11 बजे। **(9) 15640 कामाख्या-पुरी एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू की तारीख 05/04, 12/04, 19/04, 26/04, 03/05, 10/05, 17/05, 24/05, 31/05, 07/06, 14/06, 21/06 एवं 28.06.2026 (रविवार)]। **अंडाल में ठहरने का समय:** आगमन 12.20 बजे, प्रस्थान 12.22 बजे। **(10) 15661 रांची-कामाख्या एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू की तारीख 01/04, 08/04, 15/04, 22/04, 29/04, 06/05, 13/05, 20/05, 27/05, 03/06, 10/06, 17/06 एवं 24.06.2026 (बुधवार)]। **अंडाल में ठहरने का समय:** आगमन 02.21 बजे, प्रस्थान 02.23 बजे। **(11) 15662 कामाख्या-रांची एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू की तारीख 07/04, 14/04, 21/04, 28/04, 05/05, 12/05, 19/05, 26/05, 02/06, 09/06, 16/06, 23/06 एवं 30.06.2026 (मंगलवार)]। **अंडाल में ठहरने का समय:** आगमन 06.45 बजे, प्रस्थान 06.47 बजे। **(12) 15929 ताम्बरम-न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू की तारीख 02/04, 09/04, 16/04, 23/04, 30/04, 07/05, 14/05, 21/05, 28/05, 04/06, 11/06, 18/06 एवं 25.06.2026 (गुरुवार)]। **अंडाल में ठहरने का समय:** आगमन 03.41 बजे, प्रस्थान 03.42 बजे। **(13) 15930 न्यू तिनसुकिया-ताम्बरम एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू की तारीख 06/04, 13/04, 20/04, 27/04, 04/05, 11/05, 18/05, 25/05, 01/06, 08/06, 15/06, 22/06 एवं 29.06.2026 (सोमवार)]। **अंडाल में ठहरने का समय:** आगमन 08.10 बजे, प्रस्थान 08.11 बजे। **(14) 22611 एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-न्यू जलपाईगुड़ी सुपरफास्ट एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू की तारीख 01/04, 08/04, 15/04, 22/04, 29/04, 06/05, 13/05, 20/05, 27/05, 03/06, 10/06, 17/06 एवं 24.06.2026 (बुधवार)]। **अंडाल में ठहरने का समय:** आगमन 16.55 बजे, प्रस्थान 16.57 बजे। **(15) 22612 न्यू जलपाईगुड़ी-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल सुपरफास्ट एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू की तारीख 03/04, 10/04, 17/04, 24/04, 01/05, 08/05, 15/05, 22/05, 29/05, 05/06, 12/06, 19/06 एवं 26.06.2026 (शुक्रवार)]। **अंडाल में ठहरने का समय:** आगमन 06.45 बजे, प्रस्थान 06.47 बजे।

**मंडल रेल प्रबंधक, आसनसोल**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# विधानसभा चुनाव से पहले टीएमसी ने पूर्व सांसद शांतनु सेन का निलंबन हटाया

❑ **सेन फिर से पार्टी के लिए सभी प्रकार की गतिविधियों में हिस्सा ले सकेंगे**

**कोलकाता :** बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस ने बड़ा फैसला लेते हुए पूर्व राज्यसभा सदस्य शांतनु सेन का निलंबन वापस ले लिया है। उन्हें आरजी कर मामले के दौरान की गई टिप्पणियों के बाद पार्टी से निलंबित किया गया था। पार्टी के राज्य उपाध्यक्ष जयप्रकाश मजूमदार ने जानकारी दी कि अब शांतनु सेन फिर से पार्टी के लिए सभी प्रकार की गतिविधियों में हिस्सा ले सकेंगे। हालांकि, निलंबन के दौरान भी उन्होंने पार्टी के खिलाफ कोई बयान नहीं दिया और संगठन के फैसले का सम्मान किया। गौरतलब है कि जनवरी 2025 में शांतनु सेन को निलंबित किया गया था। इससे पहले अगस्त 2024 में आरजी कर कांड के दौरान उनके कुछ बयानों को लेकर पार्टी के साथ दूरी बढ़ गई थी। इस घटना में कोलकाता के सरकारी आरजी कर अस्पताल में महिला चिकित्सक की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। हालांकि, खुद शांतनु सेन का कहना था कि उनके निलंबन का कारण वह घटनाक्रम नहीं था। उन्होंने कहा था कि वह पहले से ही आरजी कर अस्पताल की अव्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं और आंदोलन के दौरान उन्होंने पार्टी के खिलाफ कोई टिप्पणी नहीं की। निलंबन के बावजूद शांतनु सेन सक्रिय रहे। उन्होंने अपने लोकसभा क्षेत्र डायमंड हार्बर में 'सेवाश्रय' कार्यक्रम के आयोजन में अहम भूमिका निभाई, जहां चिकित्सा शिविरों के संचालन और डाक्टरों के समन्वय का काम उन्होंने संभाला। इस कार्यक्रम का नेतृत्व तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने किया था।

# टिकट न मिलने पर नाराज तृणमूल विधायक की 24 घंटे के भीतर कांग्रेस में वापसी

❑ **रविवार को की थी पार्टी छोड़ने की घोषणा**

❑ **अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर भी दिए थे संकेत**

**कोलकाता :** बंगाल की राजनीति में विधानसभा चुनाव से पहले दल-बदल का दौर लगातार तेज होता जा रहा है। इसी कड़ी में उत्तर 24 परगना जिले के बादुड़िया विधानसभा क्षेत्र से निवर्तमान विधायक काजी अब्दुर रहीम (दिलू) ने तृणमूल कांग्रेस का साथ छोड़कर एक बार फिर कांग्रेस का दामन थाम लिया है।

जानकारी के अनुसार, काजी अब्दुर रहीम को आगामी चुनाव के लिए तृणमूल कांग्रेस की ओर से टिकट नहीं दिया गया, जिसके बाद वे नाराज चल रहे थे। आखिरकार उन्होंने रविवार को अपने आधिकारिक इंटरनेट मीडिया हैंडल पर एक लंबा पोस्ट साझा करते हुए पार्टी छोड़ने की घोषणा कर दी। अपने पोस्ट में उन्होंने पार्टी नेतृत्व पर नाराजगी जताई और अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर संकेत भी दिए। सबसे अहम बात यह रही कि तृणमूल कांग्रेस से इस्तीफे की घोषणा के महज 24 घंटे के भीतर ही उन्होंने कांग्रेस में वापसी कर ली। काजी अब्दुर रहीम पहले भी कांग्रेस से जुड़े रहे हैं और क्षेत्र में उनका एक मजबूत जनाधार माना जाता है। ऐसे में उनकी वापसी से कांग्रेस को बादुड़िया और आसपास के इलाकों में संगठनात्मक मजबूती मिलने की उम्मीद है। माना जा रहा है कि कांग्रेस उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाएगी।

# 'बंगाल आकर सवाल उठाने से पहले भाजपा को अपने शासन का हिसाब देना चाहिए'

❑ **अमित शाह के दौरे पर तृणमूल ने सोशल मीडिया पर साधा निशाना**

**कोलकाता :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पश्चिम बंगाल दौरे और उनके द्वारा पेश किए गए चार्जशीट पर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने तीखा पलटवार किया है। पार्टी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक विस्तृत पोस्ट जारी कर भारतीय जनता पार्टी और उसके शासित राज्यों पर कई गंभीर आरोप लगाए। तृणमूल कांग्रेस ने अपने आधिकारिक पोस्ट में कहा कि भाजपा शासित राज्यों में भ्रष्टाचार और अपराध को संरक्षण दिया गया है तथा सरकारें अपने संवैधानिक कर्तव्यों को निभाने में विफल रही हैं। पार्टी ने आरोप लगाया कि इन राज्यों में महिलाओं, अनुसूचित जाति, जनजाति और बच्चों के खिलाफ अपराध के मामले अधिक हैं। पोस्ट में यह भी कहा गया कि भाजपा द्वारा नागरिकता से जुड़े मुद्दों को लेकर समाज में विभाजन पैदा करने की कोशिश की जा रही है। साथ ही किसानों, युवाओं, स्वास्थ्य व्यवस्था और शिक्षा प्रणाली को लेकर भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा गया। तृणमूल ने आरोप लगाया कि युवाओं को बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है और किसानों की स्थिति भी खराब हुई है। पार्टी ने पश्चिम बंगाल की संस्कृति, भाषा और विरासत को नुकसान पहुंचाने की कोशिश का भी आरोप लगाया। इसके अलावा चाय बागान श्रमिकों और उत्तर बंगाल के लोगों की उपेक्षा करने की बात भी कही गई। तृणमूल कांग्रेस ने अपने संदेश में कहा कि बंगाल आकर सवाल उठाने से पहले भाजपा को अपने शासन का हिसाब देना चाहिए। पोस्ट के अंत में जवाब चाहिए जैसे नारे के साथ केंद्र सरकार से जवाबदेही की मांग की गई है।

# संवैधानिक संस्थाओं पर उंगली उठाकर बाबा साहब आंबेडकर का अपमान कर रही सपा : आदित्यनाथ



लखनऊ: उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) पर देश की संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि सपा द्वारा इन संस्थाओं पर उंगली उठाना बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और उनके बनाए संविधान की तौहीन करने के समान है। मुख्यमंत्री ने वंचित एवं कमजोर वर्ग के कक्षा 9, 10 और दशमोत्तर के 27 लाख 99 हजार 982 छात्रों के बैंक खातों में 3,350 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति का वितरण करने के मौके पर सपा की जमकर आलोचना करते हुए यह आरोप लगाए। इसके साथ ही राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत 33 हजार 334 आश्रित लाभार्थियों को 100 करोड़ रुपये की धनराशि भी हस्तांतरित की गई। आदित्यनाथ ने आरोप लगाया कि सपा के शासनकाल में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रों की छात्रवृत्ति नहीं दी गई थी तथा सरकारी योजनाओं में व्यापक भ्रष्टाचार था। उन्होंने कहा कि पहले छात्रवृत्ति, पोषाहार, दिव्यांगजन पेंशन, विधवा पेंशन और वृद्धावस्था पेंशन जैसी योजनाओं की धनराशि आधी ही पात्र लोगों तक पहुंचती थी, जबकि शेष राशि सपा के कार्यकर्ताओं और विभागीय बाबुओं द्वारा हड़प ली जाती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मौजूदा सरकार में सभी योजनाओं की धनराशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में पहुंचती है और इसमें कोई कटौती नहीं होती। उन्होंने दावा किया कि आज प्रदेश में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े वर्ग, सामान्य वर्ग और अल्पसंख्यक समुदाय के कुल 67 लाख छात्रों को छात्रवृत्ति का लाभ मिल रहा है। योगी आदित्यनाथ ने बताया कि वर्ष 2025-26 में 1,36,000 से अधिक परिवारों को 412 करोड़ रुपये की धनराशि दी गई, और 2017 से अब तक 10 लाख से अधिक परिवारों को 3,00,039 करोड़ रुपये प्रदान किए जा चुके हैं।

## 2017 से पहले पोषाहार वितरण का ठेका एक 'बड़े माफिया' के हाथों में था

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्ववर्ती सरकारों, खासतौर पर समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि 2017 से पहले राज्य में पोषाहार वितरण का ठेका ''एक बड़े माफिया' के हाथों में था। यहां आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन और नियुक्ति पत्र वितरित करने के लिए आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ''क्या यह उपलब्धि 2017 से पहले संभव थी? (खुद जवाब देते हुए) नहीं, क्योंकि उस समय पोषाहार वितरण का ठेका भारत का सबसे बड़ा शराब माफिया सरकार में पैसा देकर लेता था और सब कुछ वही तय करता था।'' योगी ने कहा कि 2017 में सरकार बनने के बाद उन्हें यह देखकर आश्चर्य हुआ कि ''सबसे बड़ा शराब माफिया' महिला एवं बाल विकास विभाग में भी दखल रखता था। उन्होंने कहा, 'जब मुझे जानकारी मिली तो मैंने कहा कि यह तो शराब माफिया है, इसका यहां क्या काम?' मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उस समय पोषाहार की गुणवत्ता इतनी खराब थी कि वह खाने लायक ही नहीं होता था। उन्होंने कहा कि कुपोषण के कारण ही प्रदेश 'बीमारू' स्थिति में था। योगी ने सवाल किया, 'यह पाप कौन करता था, यह पाप करने वाले वही लोग हैं, जो जाति के नाम पर समाज को बांटकर समाज की सुरक्षा में भी सेंध लगाने का काम करते। बच्चों और कुपोषित माताओं के पोषाहार पर डकैती डालने का काम करते थे। ये वही लोग हैं जो आज नारेबाजी करके, अव्यवस्था पैदा करते।'

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना विश्वविद्यालय के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक भवन का किया उद्घाटन



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 147.29 करोड़ रुपये की लागत से बने पटना विश्वविद्यालय के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन और शैक्षणिक भवन (कला संकाय) का सोमवार को शिलापट्ट अनावरण और फीता काटकर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने उद्घाटन के बाद दोनों भवनों का निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक बुनियादी ढांचे के मजबूत होने से शिक्षा प्रणाली को और बेहतर बनाने तथा प्रशासनिक कार्यों को सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने में सहूलियत होगी। इससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक माहौल और बेहतर सुविधाएं भी मिल सकेंगी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उच्च शिक्षा, शिक्षा तथा विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## नीतीश के एमएलसी पद से इस्तीफा देने के साथ ही नए मुख्यमंत्री को लेकर अटकलें तेज

पटना: जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार द्वारा बिहार विधान परिषद की सदस्यता छोड़ने के फैसले के बाद राज्य के नए मुख्यमंत्री को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। नीतीश कुमार के करीबी सहयोगी पिछले कुछ समय से संवैधानिक प्रावधानों का हवाला देते हुए संकेत दे रहे हैं कि कोई व्यक्ति विधानसभा या विधान परिषद का सदस्य न रहने के बाद भी छह महीने तक मुख्यमंत्री पद पर बना रह सकता है। वरिष्ठ मंत्री श्रवण कुमार जैसे नेताओं के इस तरह के बयानों ने इन अटकलों को और हवा दी है। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि जद (यू), जिसके पास भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से केवल चार विधायक कम हैं, अपने सहयोगी दल को मुख्यमंत्री पद का दावा करने की अनुमति देने से पहले कड़ा रुख अपना सकती है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सूत्रों का हालांकि कहना है कि नीतीश कुमार, जिन्हें अगले महीने की शुरुआत में राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ दिलाई जा सकती है, लंबे समय तक सत्ता में बने नहीं रहेंगे।

# महिला सशक्तीकरण से ही होगा देश-प्रदेश का विकास : भजनलाल शर्मा



**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को कहा कि महिलाओं के सशक्तीकरण से ही देश और प्रदेश का समग्र विकास संभव है। मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित एक कार्यक्रम में शर्मा ने एक लाख 22 हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के बैंक खातों में यूनिफॉर्म के लिए एक-एक हजार रुपये की राशि हस्तांतरित की। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना और कालीबाई भील योजना के लाभार्थियों को चेक भी वितरित किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बच्चों की देखभाल कर भविष्य की पीढ़ी की मजबूत नींव रखती हैं और राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने पिछले दो वर्षों में आंगनबाड़ी सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले किए हैं। शर्मा ने कहा कि सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, 'मिड-डे मील कुक-कम-हेल्पर्स' (बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन पकाने वाले कर्मचारी) सहित सभी मानदेय कर्मियों के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि की है, जो एक अप्रैल 2026 से प्रभावी होगी। आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने कहा कि 'लखपति दीदी योजना' के तहत अब तक 16 लाख से अधिक महिलाओं को लाभान्वित किया जा चुका है। इस वर्ष के बजट में योजना के तहत ऋण सीमा को एक लाख रुपये से बढ़ाकर 1.5 लाख रुपये किया गया है। उन्होंने कहा कि दूध पर पांच रुपये प्रति लीटर के अनुदान से पशुपालन से जुड़ी महिलाओं को भी लाभ मिला है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और 'मा वाउचर योजना' सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं का सशक्तीकरण किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तीकरण को नए आयाम मिले हैं।

## वाराणसी हवाई अड्डे पर विमान का दरवाजा खोलने की कोशिश करने पर युवक गिरफ्तार



**वाराणसी (उप्र):** वाराणसी के बाबतपुर में स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बेंगलुरु से आए इंडिगो के विमान का दरवाजा खोलने की कोशिश करने के आरोप में एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। फूलपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी की पहचान अदनान के रूप में हुई है, जो शनिवार रात बेंगलुरु से इंडिगो की ऊड़ान 6ई 185 में सवार हुआ था। विमानन कंपनी के अधिकारियों के अनुसार, यात्रा शुरू होते ही युवक ने विमान का दरवाजा खोलने की कोशिश की, लेकिन चालक दल के सदस्यों ने उसे रोका और बिठा दिया। वाराणसी में उतरने के बाद, वह फिर से दरवाजे के पास पहुंचा, जिसके बाद चालक दल ने हस्तक्षेप करके उसे रोक दिया। उन्होंने बताया कि इंडिगो प्रबंधन की ओर से मिली शिकायत के आधार पर पुलिस ने उसे बाबतपुर हवाई अड्डे से गिरफ्तार कर लिया। सिंह ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि यह उसकी पहली हवाई यात्रा थी और वह घबराया हुआ था, जिसके कारण उसने ऐसा किया होगा। पुलिस ने बताया कि उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## साल 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में गौ तस्करी आम बात थी : गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष

लखनऊ : उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने सोमवार को दावा किया कि साल 2017 से पहले राज्य में गाय की तस्करी की घटनाएं आम थीं लेकिन योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली मौजूदा सरकार के सत्ता में आने के बाद अवैध बूचड़खानों को बंद कर दिया गया।गुप्ता ने कहा, 2017 से पहले राज्य में गाय की तस्करी की घटनाएं होना आम बात थी लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में आने के बाद सख्त कार्रवाई करके अवैध बूचड़खानों को बंद कर दिया गया। तब से पशु संरक्षण की व्यवस्था मजबूत हुई है और आज पूरे राज्य में करीब 7500 गौशालाओं में लगभग 12 लाख 58 हजार पशुओं को संरक्षण दिया जा रहा

# सीतापुर में अवैध रूप से निर्मित मस्जिद प्रशासन ने ध्वस्त की



**सीतापुर:** उत्तर प्रदेश में सीतापुर जिले के लहरपुर क्षेत्र में कथित तौर पर अवैध रूप से निर्मित 12 साल पुरानी एक मस्जिद को प्रशासन ने बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया है। अधिकारियों ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। अपर जिलाधिकारी (एडीएम) नीतीश कुमार सोमवार तड़के अधिकारियों की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासन के अनुसार, यह मस्जिद तालाब की जमीन पर अवैध रूप से बनाई गई थी। प्रशासन ने बताया कि नयागांव बेहटी स्थित इस मस्जिद के खिलाफ ग्राम सभा की शिकायत पर तहसील अदालत ने ध्वस्तीकरण का आदेश दिया था। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर एडीएम, एएसपी और एसएचओ सहित लगभग 500 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। अधिकारियों के मुताबिक इस मस्जिद को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। ग्राम सभा का दावा था कि निर्माण तालाब और कब्रिस्तान की जमीन पर किया गया है। इस संबंध में 18 दिसंबर 2025 को अदालत में मुकदमा दायर किया गया था। छह जनवरी 2026 को अदालत ने मस्जिद को अवैध घोषित करते हुए संबंधित पक्ष को बेदखल करने का आदेश दिया और आवश्यक सामान हटाने के लिए 15 दिन का समय दिया था। समयसीमा समाप्त होने के बाद प्रशासन ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। प्रशासन का कहना है कि उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 67 के तहत नोटिस जारी किया गया था, लेकिन निर्माण नहीं हटाया गया। मस्जिद के मौलाना अब्दुल रहमान ने इस कार्रवाई पर टिप्पणी करने से इनकार करते हुए इसे राजनीतिक मुद्दा बताया।

## वाराणसी में मोबाइल चोरी के शक में नाबालिग को पीट-पीटकर मार डाला, एक आरोपी गिरफ्तार

**वाराणसी (उप्र):** वाराणसी के रोहनिया थाना क्षेत्र के पंडितपुर में कथित तौर पर मोबाइल चोरी के शक में एक नाबालिग किशोर को लाठी-डंडों से पीट-पीटकर मार डाला। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान पंडितपुर निवासी सोनू अली (16) के रूप में हुई है और एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। रोहनिया थाना प्रभारी राजू सिंह ने बताया कि किशोर की मां ने तहरीर में आरोप लगाया है कि सोनू अली शनिवार रात जब अपने घर पर था तभी घमहापुर निवासी रमेश उर्फ बबलू पटेल अपने साथियों संग वहां पहुंचा और उस पर मोबाइल चोरी का आरोप लगाने लगा। तहरीर के मुताबिक, आरोपियों ने सोनू को जबरन ले जाकर पंडितपुर पेट्रोल पंप के पास एक अंडरपास में लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। इसके बाद आरोपी उसे भदवार पुलिस चौकी ले गए और मोबाइल चोरी का आरोप लगाने लगे। पुलिस ने सोनू को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि किशोर की मां की तहरीर के आधार पर रमेश उर्फ बबलू पटेल, रवि पटेल, रोहित, गोविंद, गौरव पाल, आजाद अली और एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ रविवार को भारतीय न्याय संहिता की संबद्ध धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### राजस्थान: कार-जीप की टक्कर में तीन महिलाओं की मौत, कई लोग घायल

**जयपुर:** राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के नोहर इलाके में सोमवार को एक कार और जीप की आमने-सामने की टक्कर में तीन महिलाओं की मौत हो गई और कई बच्चों समेत करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा भद्रकाली बाईपास रोड पर हुआ। पुलिस के अनुसार, जीप में सवार लोग हरियाणा में एक शोक सभा में शामिल होने के बाद अपने गांव बुधवालिया लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान राजबाला (40), रोशनी (48) और कलावती देवी (40) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, गंभीर रूप से घायल लोगों में तीन से छह साल की उम्र के चार बच्चे भी शामिल हैं।

# आंधी-तूफान व ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को मिलेगी क्षतिपूर्ति: मंत्री



**पटना:** बिहार के कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने सोमवार को कहा कि मार्च, 2026 के तीसरे और चौथे सप्ताह में विभिन्न जिलों में आए आंधी-तूफान, असामयिक वर्षा और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का सरकार व्यापक आकलन करा रही है। उन्होंने कहा कि प्रभावित किसानों को नियमानुसार फसल क्षतिपूर्ति के लिए सहायता राशि शीघ्र उपलब्ध कराई जाएगी। यादव ने बताया कि अब तक राज्य के 36 जिलों से प्राप्त प्रतिवेदनों के अनुसार 12 जिलों- सहरसा, मुजफ्फरपुर, अररिया, बेगूसराय, मधुबनी, पूर्णिया, खगड़िया, किशनगंज, मधेपुरा, दरभंगा, सुपौल और भागलपुर-के कुल 111 प्रखंडों में व्यापक फसल क्षति की सूचना मिली है। इन क्षेत्रों में लगभग 2,06,658.12 हेक्टेयर में लगी गेहूं, मक्का, दलहन, तिलहन सहित अन्य फसलों को 33 प्रतिशत या उससे अधिक नुकसान होने का आकलन किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रभावित किसानों को नियमानुसार फसल क्षतिपूर्ति के लिए सहायता राशि शीघ्र उपलब्ध कराई जाएगी। राज्य सरकार स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और किसानों को राहत प्रदान करने के लिए आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया तेजी से पूरी की जा रही है। कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हर परिस्थिति में किसानों के साथ खड़ी है। प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को हरसंभव सहायता प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि फसल क्षतिपूर्ति में धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी, क्योंकि सरकार का मानना है कि सरकारी खजाने पर पहला अधिकार आपदा पीड़ितों का है। उन्होंने प्रभावित किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार उनके नुकसान की भरपाई के लिए प्रतिबद्ध है और जल्द ही राहत राशि उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि किसान पुनः खेती की तैयारी कर सकें।

## राजस्थान : झुंझुनूं में पूर्व सैनिक की चाकू मारकर हत्या

**झुंझुनूं:** राजस्थान के झुंझुनूं जिले के चिड़ावा थाना क्षेत्र में रविवार रात एक पूर्व सैनिक की कथित तौर पर उनके ही गांव के व्यक्ति अकरम ने चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान उदयवीर सिंह (50) के रूप में की गयी है और वह गांव में पशु आहार की दुकान चलाते थे। आरोपी अकरम और मृतक के बीच पहले से कहासुनी चल रही थी। पुलिस ने बताया कि रविवार रात गुस्से में आकर अकरम ने चाकू से हमला कर दिया। घायल अवस्था में उदयवीर को तुरंत चिड़ावा के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें सरकारी अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आरोपी अकरम वारदात के बाद फरार हो गया था, लेकिन सोमवार दोपहर को जयपुर से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और मामले की जांच जारी है।

# अंतरधार्मिक 'लिव-इन' संबंध किसी भी कानून के तहत अपराध नहीं: अदालत



**प्रयागराज:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 'लिव-इन' संबंध में रह रहे अलग अलग धर्म के पुरुष और महिला की ओर से सुरक्षा की मांग स्वीकार करते हुए कहा है कि अंतरधार्मिक 'लिव-इन' संबंध किसी भी कानून के तहत निषिद्ध या अपराध नहीं है। न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह ने यह कहते हुए याचिका स्वीकार कर ली कि महज इसलिए कि याचिकाकर्ता एक अंतरधार्मिक संबंध में रह रहे हैं, वे भारत के संविधान के तहत अपने मौलिक अधिकारों से वंचित नहीं होंगे। न्यायाधीश ने कहा कि जाति, पंथ, लिंग या धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जा सकता है। यह याचिका एक युवती और सोनभद्र के उसके मुस्लिम साथी द्वारा दायर की गई थी। याचिकाकर्ताओं ने महिला के परिवार से उनके शांतिपूर्ण जीवन में हस्तक्षेप नहीं करने और उन्हें सुरक्षा उपलब्ध कराने का निर्देश जारी करने का अनुरोध किया था। याचिकाकर्ताओं के मुताबिक, उन्होंने एक अंतरधार्मिक 'लिव-इन' संबंध में साथ रहने का निर्णय किया और उन्हें महिला के परिजनों से जान को खतरा है। याचिकाकर्ताओं के मुताबिक, इसलिए उन्होंने पुलिस से संपर्क किया, लेकिन पुलिस ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जिसके बाद उन्होंने अदालत में यह याचिका दायर की। राज्य सरकार के वकील ने अदालत को बताया कि दोनों याचिकाकर्ता बालिग हैं और उनके साथ रहने के संबंध में कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं है। अदालत ने कहा कि यदि याचिकाकर्ताओं को कोई नुकसान पहुंचाया जाता है तो वे पुलिस अधिकारियों से संपर्क करने के लिए स्वतंत्र हैं। अदालत ने पुलिस अधिकारियों को इस मामले की समीक्षा करने और आरोपों में कोई दम पाए जाने पर याचिकाकर्ताओं को सुरक्षा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

### बलिया में मां और दो नवजात शिशुओं की मौत के मामले में चिकित्सक गिरफ्तार

**बलिया:** उत्तर प्रदेश के बलिया में एक निजी अस्पताल में मां और दो नवजात शिशुओं की कथित तौर पर लापरवाही से मौत के मामले में एक चिकित्सक को सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दुबहड़ थाना क्षेत्र के रामपुर बोहा निवासी सोनू यादव की तहरीर पर 13 मार्च को एक निजी अस्पताल के चिकित्सक डॉ. आदित्य सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस के मुताबिक, सोनू यादव ने शिकायत में आरोप लगाया था कि वह अपनी 27 वर्षीय पत्नी रिंकू देवी को प्रसव पीड़ा होने पर जगदीशपुर स्थित एक निजी अस्पताल ले गया था, जहां ऑपरेशन के दौरान चिकित्सकों की लापरवाही के कारण रिंकू और दो जुड़वा शिशुओं की मौत हो गई।






## आंध्र प्रदेश में कुख्यात उग्रवादी समेत नौ माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया

**अमरावती :** आंध्र प्रदेश में कुख्यात नक्सली नेता सी नारायण राव समेत नौ उग्रवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। प्रदेश के पुलिस प्रमुख ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक हरीश कुमार गुप्ता ने दावा किया कि ''राज्य में वामपंथी उग्रवाद समाप्त हो गया है।'' गुप्ता के अनुसार, आत्मसमर्पण करने वाला राव 'आंध्र ओडिशा बॉर्डर' (एओबी) का सचिव था और 36 वर्षों से माओवादी आंदोलन में सक्रिय था। वह वर्ष 2018 में विधायक किदारी सर्वेश्वर राव की हत्या, 2001 में सीआई गांधी और 1997 में मुख्य आरक्षक नरेन्द्र दास की हत्या जैसे कई संगीन अपराधों में शामिल था।

## आतंकी साजिश मामले में अदालत ने विदेशी नागरिकों की हिरासत अवधि बढ़ाई

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने पिछले सप्ताह आतंकी साजिश मामले में सात विदेशी नागरिकों की एनआईए हिरासत बढ़ाते हुए इस मामले को संवेदनशील बताया और कहा कि आरोपियों के भारत आने के उद्देश्य जैसे कई सवालों के जवाब जरूरी हैं। विशेष न्यायाधीश प्रशांत शर्मा ने 27 मार्च के अपने आदेश में कहा, आपत्तिजनक सामग्री की बरामदगी न होने के मुद्दे पर, इस मामले के तथ्यों को समग्र रूप से समझना होगा। आरोपी भारत क्यों आए। वे म्यांमा क्यों गए। ड्रोन का उपयोग करने के पीछे उनका उद्देश्य क्या था। क्या आरोपियों ने किसी व्यक्ति को प्रशिक्षण देने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया।'' अदालत ने कहा, क्या भारत का कोई व्यक्ति या किसी विद्रोही समूह का सदस्य आरोपियों से सीधे या परोक्ष रूप से जुड़ा है। भारत और इसके बाहर यात्रा के दौरान आरोपियों ने किस प्रकार की सुविधाओं या साधनों का उपयोग किया।

## ईडी ने लोढ़ा डेवलपर्स के पूर्व निदेशक राजेंद्र लोढ़ा की 270 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उसने महाराष्ट्र स्थित रियल एस्टेट कंपनी लोढ़ा डेवलपर्स के पूर्व निदेशक राजेंद्र लोढ़ा के खिलाफ धनशोधन की जांच के तहत 270 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की भूमि और अन्य अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। ईडी ने एक बयान में कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत 26 मार्च को इन संपत्तियों को कुर्क करने का अंतरिम आदेश जारी किया गया था। ईडी ने बयान में कहा कि इन संपत्तियों का मूल्य 271.48 करोड़ रुपये है। बयान में कहा गया है कि इसमें महाराष्ट्र के पनवेल और शाहपुर तालुकों में स्थित जमीन के टुकड़े भी शामिल हैं। ईडी ने फरवरी में लोढ़ा को गिरफ्तार किया था और वह वर्तमान में न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं।

## टीवीके अध्यक्ष विजय ने 603 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की, पत्नी करीब 16 करोड़ की मालकिन

**चेन्नई :** अभिनय से राजनीति में आए एवं तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के संस्थापक अध्यक्ष विजय ने सोमवार को तमिलनाडु विधानसभा के लिए दाखिल अपने नामांकन पत्र के साथ संलग्न हलफनामे में 603.20 करोड़ रुपये की संपत्ति होने की जानकारी दी है। विजय (52) ने निर्वाचन अधिकारी को सौंपे गए हलफनामे में खुलासा किया कि उनके पास 404.58 करोड़ रुपये की चल संपत्ति है। उन्होंने बताया कि उनके पास कुल 198.62 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति है, जिसमें कोडाइकनाल में कृषि भूमि और चेन्नई में वाणिज्यिक और आवासीय संपत्तियां शामिल हैं। टीवीके अध्यक्ष ने पत्नी संगीता की अलग से संपत्ति घोषित की है। संगीता के पास कुल 15.76 करोड़ रुपये की संपत्ति है, जिसमें 15.51 करोड़ रुपये की चल संपत्ति और 25 लाख रुपये की अचल संपत्ति शामिल है। विजय ने बताया कि उनके पास दो लाख रुपये की नकदी और विभिन्न बैंक खातों में 213 करोड़ रुपये जमा राशि है।

# 'नक्सलवाद खत्म, आदिवासियों को मिला असली न्याय' : शाह

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में नक्सलवाद पर चर्चा के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि देश में नक्सलवाद अब लगभग समाप्त हो चुका है और आदिवासी इलाकों में असली न्याय पहुंचा है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव अचानक नहीं आया, बल्कि 2014 के बाद केंद्र सरकार की सख्त नीति, सुरक्षा अभियान और विकास योजनाओं के कारण संभव हुआ है। शाह ने विपक्ष खासकर कांग्रेस पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने साफ कहा कि सरकार ने नक्सलियों से बातचीत नहीं, बल्कि उन्हें खत्म कर विकास को आगे बढ़ाने का रास्ता चुना। उन्होंने कहा कि जो



हथियार उठाएगा, उसे कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने दावा किया कि नक्सलियों का पूरा केंद्रीय नेतृत्व, पोलित ब्यूरो और कमेटी अब खत्म हो चुकी है। कई मारे गए, कई ने सरेंडर किया और कुछ फरार हैं।

**क्या नक्सलवाद सच में खत्म हो गया?**

शाह ने कहा कि देश अब नक्सलमुक्त होने की स्थिति में पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि कई बड़े ऑपरेशन जैसे बुढ़ा, थंडरस्टॉर्म और ब्लैक फॉरेस्ट चलाए गए, जिनमें भारी मात्रा में हथियार, आईईडी फैक्ट्री और अनाज बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़, तेलंगाना और ओडिशा के बड़े इलाके अब नक्सल प्रभाव से बाहर आ चुके हैं। सुरक्षा बलों और स्थानीय पुलिस की भूमिका को उन्होंने अहम बताया।

**'भोले आदिवासियों को बहकाकर हथियार थमाए गए'**

आजादी के समय देश संसाधनों की कमी और विकास की चुनौतियों से जूझ रहा था। कई दूर-दराज के इलाकों तक सरकार की पहुंच नहीं थी, सड़कों और सुविधाओं का अभाव था। ऐसे हालात में कुछ संगठनों ने इन कमजोरियों का फायदा उठाया। जहां राज्य की पकड़ कम थी, उन्हीं इलाकों को रेड कॉरिडोर बनाया गया। भोले-भाले आदिवासियों को भेदभाव और शोषण के नाम पर भड़काया गया और उनके हाथों में हथियार थमा दिए गए। हकीकत यह है कि इन क्षेत्रों में योजनाबद्ध भेदभाव नहीं, बल्कि विकास की कमी थी, जिसका इस्तेमाल कर हिंसा को बढ़ावा दिया गया।

# कांग्रेस ने बांग्लादेशी घुसपैठियों को देश में प्रवेश की अनुमति दी : नितिन नवीन



**जागीरोड/ बोकाखात (असम) :** भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि जब वह सत्ता में थी, तब उसने असम में अवैध रूप से बांग्लादेशियों को राज्य में दाखिल होने में मदद की। उन्होंने दावा किया कि असम की सत्ता में आने के बाद भाजपा ने बांग्लादेशियों की घुसपैठ पर लगाम लगाई। नवीन ने मोरीगांव जिले में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दिल्ली में एक कार्यक्रम में उन्हें भेंट किए जाने पर असमी संस्कृति के प्रतीक पारंपरिक 'गमोसा' को नहीं पहना, जिससे राज्य के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची। उन्होंने आरोप लगाया, ''लेकिन वह (गांधी) नियमित रूप से मस्जिदों में जाते हैं और खुशी-खुशी नमाजी टोपी पहनते हैं।'' भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कांग्रेस पर घुसपैठियों का समर्थन करने का आरोप लगाया। नवीन ने कहा, ''उन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठियों को 'चिकन नेक' (सिलीगुड़ी गलियारे) के रास्ते देश में प्रवेश करने दिया। यह राज्य की भाजपा सरकार है जो इस चलन को उलट रही है और अवैध प्रवासियों को बाहर का रास्ता दिखा रही है।'' 'चिकन नेक' को आधिकारिक तौर पर सिलीगुड़ी गलियारे के नाम से जाना जाता है। यह उत्तरी बंगाल में लगभग 20-22 किलोमीटर चौड़ा और लगभग 60 किलोमीटर लंबा एक संकरा भूभाग है जो उत्तर-पूर्वी राज्यों से शेष भारत से जोड़ता है। सुरक्षा और रणनीतिक दोनों ही दृष्टिकोणों से इसे एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील इलाका माना जाता है। नवीन ने यह भी दावा किया कि भाजपा के 10 साल के शासनकाल में असम में बड़े पैमाने पर विकास हुआ।

## सोशल मीडिया मंचों ने डीपफेक हटाने की कार्रवाई को लगभग दो से तीन गुना बढ़ाया: वैष्णव

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कृत्रिम मेधा (एआई) से तैयार किए जाने वाले 'डीपफेक' पर बढ़ती चिंताओं को रेखांकित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया मंचों ने भी अपनी ओर से डीपफेक सामग्री को हटाने के प्रयासों को काफी तेज कर दिया है। सूचना प्रौद्योगिकी और सूचना एवं प्रसारण मंत्री वैष्णव ने पत्रकारों से बातचीत में डीपफेक को समाज के लिए एक नया खतरा और अभिशाप बताया। डीपफेक वह प्रौद्योगिकी है जिसके जरिये किसी व्यक्ति की फोटो, आवाज या वीडियो को डिजिटल माध्यम से बदलकर बिल्कुल असली जैसा दिखने वाला फर्जी रूप दे दिया जाता है। मंत्री ने कहा, डीपफेक के रूप में बहुत सारी सामग्री आने लगी



है। एआई की दुनिया में हुए बदलावों के कारण सोशल मीडिया पर भारी मात्रा में डीपफेक आ रहे हैं। पूरी दुनिया और सोशल मीडिया मंचों ने खुद इन फर्जी वीडियो और तस्वीरों को हटाने के अपने प्रयासों को काफी बढ़ा दिया है। उन्होंने जानकारी दी कि सोशल मीडिया मंचों ने डीपफेक सामग्री को हटाने की अपनी कार्रवाई को लगभग दोगुना या तिगुना कर दिया है।

## देश में उर्वरक का पर्याप्त भंडार, किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं: नड्डा

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जे. पी. नड्डा ने सोमवार को कहा कि भारत में घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त उर्वरक भंडार मौजूद है और पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच किसानों को घबराने की जरूरत नहीं है। नड्डा ने उर्वरक कंपनियों और हरित अमोनिया बनाने वालों के बीच हरित अमोनिया की आपूर्ति से जुड़े एक समझौते पर हस्ताक्षर के अवसर पर कहा, '' यह ही नहीं, भारत ने कई संकट देखे हैं। हम उर्वरक आपूर्ति के मामले में पूरी तरह सक्षम हैं। डरने की कोई जरूरत नहीं है।'' इस समझौते को '' ऐतिहासिक और आगे की दिशा में कदम'' करार देते हुए मंत्री ने हिंदी कहावत '' आपदा



में अवसर ढूंढना है'' का उल्लेख किया और कहा कि हरित अमोनिया के साथ यह प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार उर्वरक क्षेत्र में आयात पर निर्भरता कम करने एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में काम कर रही है। भारत ने 2024-25 में 306.67 लाख टन यूरिया का उत्पादन किया और घरेलू मांग पूरी करने के लिए 56.47 लाख टन यूरिया का आयात किया। चालू वित्त वर्ष 2025-26 के पहले 11 महीनों में देश ने 98 लाख टन यूरिया का आयात किया है। सरकार ने सोमवार को जारी आधिकारिक बयान में कहा कि मौजूदा परिस्थितियों के कारण यूरिया का घरेलू उत्पादन प्रभावित हुआ है और उर्वरक विभाग इसके प्रभाव को कम करने के लिए कदम उठा रहा है। बयान में कहा गया, '' आगामी खरीफ 2026 मौसम के लिए कुल आवश्यकता लगभग 390 लाख टन आंकी गई है, जबकि खरीफ 2025 के दौरान वास्तविक बिक्री 361 लाख टन रही।''

## ग्राहकों के लॉकर में रखे सामान को बैंक नहीं देख सकते: सीतारमण

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि ग्राहकों के लॉकर में रखे सामान को बैंक नहीं देख सकते और ना ही उसका रिकॉर्ड रख सकते हैं क्योंकि इससे बैंकिंग नियमों का उल्लंघन होगा। सीतारमण लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस सदस्य किरसन नामदेव के पूरक प्रश्न उत्तर दे रही थीं। उन्होंने कहा, ''किसी ग्राहक के लॉकर में रखे कीमती सामान पर नजर रखना बैंकिंग नियमों का उल्लंघन है, और बैंक ऐसा नहीं करेंगे।'' वित्त मंत्री ने कहा कि किसी भी नुकसान की स्थिति में लॉकर धारकों के लिए उनके सामान की क्षति या लॉकर टूटने जैसे मामलों में मानक कवरेज लॉकर के सालाना किराये का 100 गुना तय है। उन्होंने कहा, ''हमें नहीं पता कि लॉकर के अंदर क्या है। इस आधार पर बीमा कवर नहीं दिया जा सकता। लॉकर टूटने या सामान की क्षति होने पर मुआवजा देने का यही मानक है।'' उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए है क्योंकि बैंक लॉकर के सामान की जांच नहीं कर सकते या उसका आकलन नहीं कर सकते, जिस कारण वास्तविक कीमत के आधार पर बीमा देना व्यावहारिक नहीं है।

## देश में पितृत्व अवकाश को कानूनी अधिकार का दर्जा दिए जाने की राज्यसभा में उठी मांग

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा में सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) सदस्य राघव चड्ढा ने देश में पितृत्व अवकाश को कानूनी अधिकार का दर्जा दिए जाने की मांग की और कहा कि बच्चों के लालन-पोषण की जिम्मेदारी सिर्फ मां की ही नहीं, बल्कि साझा दायित्व है। उच्च सदन में विशेष उल्लेख के जरिए यह मुद्दा उठाते हुए आप सदस्य ने कहा कि अभी केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए 15 दिनों के (पितृत्व) अवकाश का प्रावधान है लेकिन निजी क्षेत्र में नहीं है। उन्होंने कहा कि देश के कुल कार्यबल का बडा हिस्सा निजी क्षेत्र में काम करता है। उन्होंने कई देशों का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां कर्मियों को लंबा अवकाश मिलता है। उन्होंने कहा कि भारत में भी सोच में बदलाव लाने की जरूरत है क्योंकि बच्चों के लालन-पोषण की जिम्मेदारी सिर्फ मां की ही नहीं, बल्कि साझा जिम्मेदारी है।

## घुसपैठ केवल चुनावी मुद्दा नहीं, अस्मिता की रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय : मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर घुसपैठियों को जमीन कब्जाने की अनुमति देने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि असम में घुसपैठ केवल चुनावी मुद्दा नहीं है, बल्कि यह राज्य की अस्मिता की रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय है। नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले असम में भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि राज्य ने लंबे समय तक अस्थिरता का दौर देखा, लेकिन पिछले एक दशक में स्थिति बदली है क्योंकि भाजपा की डबल-इंजन सरकार ने राज्य में शांति सुनिश्चित



करने के लिए हरसंभव प्रयास किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पहली बार वोट देने वाले और युवा मतदाताओं को असम में पिछली कांग्रेस सरकारों के कुशासन के बारे में याद दिलाने की जरूरत है और उन्हें आगाह करना चाहिए कि सबसे छोटी गलती भी राज्य को पीछे धकेल सकती है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राज्य में पार्टी की जीत की हैट्रिक सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। मोदी ने कहा, घुसपैठ सिर्फ चुनावी मुद्दा नहीं है। यह असम की पहचान और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा का विषय है। कांग्रेस ने घुसपैठियों को अवैध तरीके से भूमि कब्जाने की अनुमति दी। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां-जहां घुसपैठिए बसते हैं, वे छोटे व्यवसायों और स्थानीय निवासियों की आजीविका पर कब्जा कर लेते हैं।

## भारत के लिए तेल, गैस ला रहे 19 जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण भारत के लिए एलपीजी, कच्चे तेल और एलएनजी ला रहे 19 जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे हुए हैं। पश्चिम एशिया में हो रही घटनाक्रमों के प्रभावों पर विभिन्न मंत्रालयों के अधिकारियों के संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि भारत के लिए ऊर्जा सामग्री ला रहे 10 विदेशी झंडे वाले जहाज वर्तमान में फंसे हुए हैं। इनमें एलपीजी ला रहे तीन जहाज, कच्चे तेल के चार टैंकर और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के तीन जहाज शामिल हैं। इनके अलावा, भारतीय ध्वज वाले जहाज भी हैं। इनमें एलपीजी के तीन टैंकर, एक एलएनजी वाहक और कच्चे तेल के चार टैंकर शामिल हैं। एक खाली टैंकर में एलपीजी भरी जा रही है। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच संकरे जलडमरूमध्य में फंसे लगभग 500 जहाजों में ये जहाज भी शामिल हैं। अब तक, भारतीय ध्वज वाले आठ जहाज सुरक्षित रूप से निकल चुके हैं। इनमें दो एलपीजी वाहक पोत, बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम शामिल हैं, जिनमें लगभग 94,000 टन एलपीजी का संयुक्त कार्गो है। ये पोत पिछले कुछ दिनों में युद्धग्रस्त क्षेत्र से सुरक्षित रूप से निकल चुके हैं।

## इंदौर में महिला ने तीन बच्चों को दिया जन्म, जच्चा-बच्चा स्वस्थ

**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** चिकित्सा जगत के दुर्लभ मामले में इंदौर के एक सरकारी अस्पताल में 27 वर्षीय महिला ने तीन बच्चों को जन्म दिया है और उच्च जोखिम वाले इस प्रसव के बाद जच्चा व तीनों नवजात शिशु स्वस्थ हैं। अस्पताल के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के चिकित्सा महाविद्यालय से जुड़े अस्पताल में 27 वर्षीय महिला ने दो लड़कियों और एक लड़के को रविवार (29 मार्च) को सामान्य तरीके से जन्म दिया। महाविद्यालय की सहायक प्रोफेसर डॉ. रुचि जोशी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, प्रसव से पहले महिला की अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में उसके गर्भ में केवल दो बच्चे दिखाई दे रहे थे। उसने पहले दो लड़कियों को जन्म दिया। तभी हमें लगा कि उसके गर्भ में एक बच्चा और है। बाद में उसने एक लड़के को जन्म दिया। उन्होंने बताया कि प्रसव के तय समय से पहले पैदा हुए तीनों बच्चों का वजन 1.70 किलोग्राम से 1.90 किलोग्राम के बीच है और जन्म के तुरंत बाद से उन्हें विशेष देखभाल प्रदान की जा रही है।

## ईरान के प्रमुख तेल क्षेत्र खार्ग द्वीप पर कब्जा कर सकता है अमेरिका: ट्रंप

**एयर फोर्स वन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिकी बल फारस की खाड़ी में स्थित ईरान के प्रमुख तेल क्षेत्र खार्ग द्वीप को 'आसानी से' अपने नियंत्रण में ले सकते हैं। ट्रंप ने समाचार पत्र 'फाइनेंशियल टाइम्स' को दिए एक साक्षात्कार में यह बात कही। ट्रंप ने कहा, ''हो सकता है कि हम खार्ग द्वीप पर कब्जा कर लें, हो सकता है कि हम ऐसे न भी करें। हमारे पास कई विकल्प हैं।'' उन्होंने कहा, ''इसका मतलब यह भी होगा कि हमें कुछ समय के लिए वहां (खार्ग द्वीप पर) रहना होगा।'' वहां ईरान की रक्षा व्यवस्था के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, '' मुझे नहीं लगता कि उनके पास कोई रक्षा व्यवस्था है। हम इसे बहुत आसानी से अपने कब्जे में ले सकते हैं।''

**ईरान के मिसाइल हमले के बाद इजराइली तेल रिफाइनरी के निकट आग जलती दिखी**

उत्तरी इजराइल के हाइफा शहर में एक तेल रिफाइनरी पर सोमवार को आग लग गई। घटनास्थल की वीडियो फुटेज में यह आग दिख रही है। वीडियो में एक बड़े रिफाइनरी टैंक में आग की लपटें और घना काला धुआं दिखाई दिया, जिसे इजराइल की अग्निशमन एवं बचाव सेवाओं ने जल्दी ही बुझा दिया। यह स्पष्ट नहीं हो सका कि आग मिसाइल हमले से लगी थी या किसी मलबे के गिरने से।

## भारतीय नौसेना को उन्नत 'गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट' और पनडुब्बी रोधी जलयान मिला



**कोलकाता :** रक्षा क्षेत्र की कंपनी 'गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड' (जीआरएसई) ने सोमवार को भारतीय नौसेना को एक 'गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट' और दो अन्य महत्वपूर्ण जलयान सौंपे। यह स्वदेशी रक्षा विनिर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। अधिकारियों ने बताया कि युद्धपोत निर्माता ने नौसेना को उन्नत गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट 'दूनागिरि', सर्वेक्षण पोत 'संशोधक' और 'अग्रय' नामक पनडुब्बी-रोधी पोत सौंपा। इस संबंध में जारी एक बयान में कहा गया कि पोत विध्वंसक ब्रह्मोस और जमीन पर हमला करने वाली क्रूज़ मिसाइलों के साथ-साथ उन्नत रक्षा प्रणालियों से लैस 'दूनागिरि' नौसेना की मारक और रक्षा क्षमताओं का एक महत्वपूर्ण प्रतिबिंब है। बयान के अनुसार, जीआरएसई द्वारा निर्मित चार बड़े सर्वेक्षण पोतों में से अंतिम 'संशोधक' नौसेना की सर्वेक्षण क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण वृद्धि का परिचायक है। जीआरएसई द्वारा बनाए जा रहे आठ पनडुब्बी रोधी जलयानों में से एक 'अग्रय' को तटीय जलक्षेत्र में अभियानों के लिए डिज़ाइन किया गया है।

## नेपाल: ओली को उच्चतम न्यायालय से अंतरिम राहत नहीं, गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन जारी

**काठमांडू :** नेपाल के उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल सितंबर में 'जेन-जेड' समूह के नेतृत्व में हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनों को दबाने में भूमिका के आरोप में गिरफ्तार पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को अंतरिम राहत देने से सोमवार को इनकार कर दिया। इस बीच, देश में ओली की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन लगातार तीसरे दिन भी जारी रहे। न्यायमूर्ति मेघराज पोखरेल की एकल पीठ ने ओली की पत्नी राधिका शाक्य की ओर से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री की रिहाई के लिए अंतरिम आदेश जारी करने से इनकार कर दिया। इस याचिका में शाक्य ने अपने पति की हिरासत को गैरकानूनी बताया था। पीठ ने अधिकारियों को ओली की हिरासत के कानूनी आधारों को स्पष्ट करने वाला लिखित स्पष्टीकरण पेश करने का निर्देश दिया। पीठ ने पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक की ओर से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर भी इसी तरह का फैसला सुनाया। लेखक को भी 'जेन-जेड' के विरोध-प्रदर्शन को दबाने में भूमिका के आरोप में ओली के साथ गत शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। इन विरोध-प्रदर्शनों के दौरान लगभग दो दर्जन युवाओं समेत 76 लोग मारे गए थे।

# कांग्रेस सरकारें वोटबैंक को देखकर केंद्रीय बलों की तैनाती करती थीं : सुधांशु त्रिवेदी

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा में सोमवार को भाजपा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि उसकी सरकारें अपने कार्यकाल के दौरान वोटबैंक को ध्यान में रखकर केंद्रीय बलों की तैनाती करती थी। उच्च सदन में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक पर हुई चर्चा में भाग लेते हुए त्रिवेदी ने यह भी आरोप लगाया कि 1990 के दशक तक चुनावों में धांधली होती थी। उन्होंने कहा कि इसी वजह से सुचारू चुनाव सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती की जाने लगी। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि उसके बाद ही चुनाव में कांग्रेस की हार होने लगी। त्रिवेदी ने



कहा कि केंद्रीय बलों के कर्मियों के मनोबल पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारें राजनीतिक आधार पर बलों का दुरुपयोग करती थीं और वोट बैंक को ध्यान में रखकर इन बलों की तैनाती की जाती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकारें अपने कार्यकाल के दौरान केंद्रीय बलों को लेकर भी राजनीति करती थी और उसने कई ऐसे कदम उठाए जिससे केंद्रीय बलों के कर्मियों का मनोबल गिरा। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में सीमा पर बाड़ नहीं होने के कारण घुसपैठ को रोक पाना मुश्किल हो रहा है। त्रिवेदी ने विपक्ष की आलोचनाओं को खारिज करते हुए कहा कि मोदी सरकार सीएपीएफ के हितों की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित है और प्रस्तावित विधेयक के तहत पदोन्नति की स्थापित व्यवस्था को इस प्रकार पारदर्शी बनाया गया है कि कोई भ्रम न हो और कानूनी मुद्दों से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि अब सहायक कमांडेंट स्तर के कर्मी डीआईजी स्तर तक पहुंच सकेंगे, 50 प्रतिशत आईजी स्तर तक और एक तिहाई कर्मी अतिरिक्त महानिदेशक स्तर तक पहुंच सकेंगे। उन्होंने कहा कि अर्धसैनिक बलों के कर्मियों की संख्या 11 लाख तक है जिनमें राजपत्रित अधिकारी केवल 1 से 1.5 प्रतिशत हैं और उनमें भी आईपीएस अधिकारी 1 से 1.5 प्रतिशत ही हैं। इसलिए, यह विधेयक केवल 0.10 से 0.15 प्रतिशत कर्मियों के पदों को प्रभावित कर रहा है। भाजपा नेता ने कहा कि इसलिए, यह कहना कि इससे 11 लाख कर्मियों के मनोबल पर असर पड़ेगा, तार्किक रूप से उचित नहीं लगता।

## सैनिकों को दो लड़ाइयां लड़ने के लिए मजबूर ना किया जाए: प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत

**नयी दिल्ली :** सशस्त्र बलों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि देश को उन्हें 'एक साथ दो लड़ाइयां लड़ने' के लिए मजबूर नहीं करना चाहिए, जिनमें से एक सीमा पर और दूसरी अपने कानूनी अधिकारों के लिए घर पर। उन्होंने सैनिकों के लिए बेहतर न्यायिक पहुंच की अपील की। रविवार को लेह में 'माननीय प्रधान न्यायाधीश के संबोधन के कुछ बिंदु' शीर्षक से दिए गए भाषण में न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने न्यायपालिका और सशस्त्र बलों के बीच सहजीवी संबंध पर प्रकाश डाला और कहा कि जहां न्यायालय संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करते हैं, वहीं वे सैनिक ही हैं, जो उन आदर्शों को कायम रखने के लिए आवश्यक परिस्थितियां बनाते हैं। हिमालय के शांत लेकिन दुर्गम परिदृश्य की



पृष्ठभूमि में, प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) ने सैनिकों की बहादुरी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने 1962 के रेजांग ला के युद्ध का विशेष उल्लेख किया और मेजर शैतान सिंह भाटी व 13 कुमाऊं की चार्ली कंपनी के 114 सैनिकों के बलिदान को याद किया। उन्होंने कहा, ''संविधान अधिकारों, गरिमा, समानता और न्याय की भाषा में बोलता है, लेकिन इन वादों को भारत की जनता के लिए कायम रखने के लिए आपने जो परिस्थितियां बनाई हैं, उसका पूरा श्रेय आपको जाता है।'' प्रधान न्यायाधीश ने कहा, कोई राष्ट्र सार्थक रूप से स्वतंत्रता या न्याय की बात तब तक नहीं कर सकता, जब तक वह अपनी संप्रभुता, स्थिरता और शांति को बरकरार नहीं रखता। इस अर्थ में न्यायालय के कार्य और सैनिक के कार्य की पद्धति भिन्न है, लेकिन उद्देश्य एक है और दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं।'' सैनिकों के सामने आने वाली कठिनाइयों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वर्दी में सेवा करने से जीवन के सामान्य बोझ से मुक्ति नहीं मिलती, और एक सैनिक को भूमि विवाद का सामना भी करना पड़ सकता है।

## शेयर बाजार में दो दिन की भारी गिरावट से निवेशकों के 18.60 लाख करोड़ रुपये डूबे



**2025-26 के अंतिम कारोबारी दिन तेज गिरावट, सेंसेक्स 1,636 अंक लुढ़का**

**नयी दिल्ली:** स्थानीय शेयर बाजार में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी जबर्दस्त गिरावट के कारण निवेशकों की संपत्ति में 18.60 लाख करोड़ रुपये की भारी कमी आई है। पश्चिम एशिया में तनाव कम न होने और कच्चे तेल की कीमतों में आए उछाल की वजह से बीएसई सेंसेक्स दो दिन में चार प्रतिशत से अधिक टूट गया है। कमजोर वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों द्वारा लगातार की जा रही बिकवाली ने भी घरेलू निवेशकों के भरोसे को डगमगा दिया है। पिछले दो कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स ने कुल 3,325.9 अंक या 4.41 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है। सोमवार को 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,635.67 अंक यानी 2.22 प्रतिशत टूटकर 71,947.55 अंक पर बंद हुआ। इस गिरावट के साथ ही बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण दो दिन में 18,60,662.29 करोड़ रुपये घटकर 4,12,41,172.45 करोड़ रुपये रह गया। विशेषज्ञों के अनुसार, 28 फरवरी से शुरू हुए पश्चिम एशिया संघर्ष के बाद से केवल इसी महीने में सेंसेक्स 9,339.64 अंक यानी 11.48 प्रतिशत तक गिर चुका है। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में से 3,563 नुकसान में, जबकि 876 लाभ में रहे। वहीं 154 के भाव अपरिवर्तित रहे। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 488.20 अंक यानी 2.14 प्रतिशत टूटकर 22,331.40 अंक पर बंद हुआ। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण बाजार में गिरावट आई। तनाव बढ़ने के साथ संघर्ष थमने की उम्मीद टूटी है और कच्चे तेल की कीमत में तेजी आई है। इससे भारत जैसी तेल आयात करने वाली अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति और वृहद आर्थिक स्थिरता को लेकर चिंताएं बढ़ गईं हैं।' उन्होंने कहा, ''एशियाई और अमेरिकी बाजारों में गिरावट सहित कमजोर वैश्विक संकेतों, विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर निकासी और रुपये के कमजोर होने से बाजार की धारणा पर और भी नकारात्मक प्रभाव पड़ा।

## एलआईसी की शाखाएं 31 मार्च को प्रीमियम जमा कराने के लिए खुली रहेंगी

**नयी दिल्ली:** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की शाखाएं देशभर में पॉलिसीधारकों को बीमा प्रीमियम जमा कराने में मदद के लिए 31 मार्च को खुली रहेंगी। 'महावीर जयंती' के उपलक्ष्य में 31 मार्च को सार्वजनिक अवकाश है। एलआईसी ने बयान में कहा कि पॉलिसीधारकों को किसी प्रकार की असुविधा से बचाने के लिए मंगलवार को आधिकारिक कार्य समय के अनुसार सामान्य कामकाज होगा। बयान में कहा गया कि यह व्यवस्था भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) के 25 मार्च, 2026 के परामर्श के अनुरूप की गई है।

# रुपया 2025-26 में 9.88 प्रतिशत टूटा, 14 साल की सबसे बड़ी गिरावट



**मुंबई:** भारतीय रुपया वित्त वर्ष 2025-26 में डॉलर के मुकाबले 9.88 प्रतिशत कमजोर हुआ है, जो 14 साल में डॉलर के मुकाबले सबसे बड़ी गिरावट है। वित्त वर्ष 2011-12 में, घरेलू मुद्रा, डॉलर के मुकाबले 12.4 प्रतिशत कमजोर हुई थी, उस समय चालू खाते का घाटा बढ़कर 4.2 प्रतिशत हो गया था। मौजूदा वित्त वर्ष में, यह भारी गिरावट लगातार विदेशी कोषों की निकासी, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और वैश्विक स्तर पर डॉलर के मजबूत होने की वजह से हुई। वैश्विक वित्तीय बाजारों में उतार-चढ़ाव और नकदी की तंगी ने भी 2025-26 में रुपये पर और दबाव डाला। बाजार के जानकारों के अनुसार, एक अप्रैल से अब तक दूसरी एशियाई मुद्राओं में भी डॉलर के मुकाबले भारी गिरावट देखी गई है। जापानी येन छह प्रतिशत, फिलिपीन की मुद्रा पीसो 5.74 प्रतिशत और दक्षिण कोरियाई वॉन 2.88 प्रतिशत कमजोर हुआ है। दक्षिण कोरियाई बैंक शिन्हान बैंक के भारत में ट्रेजरी प्रमुख, सुनल सोधानी ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 बाहरी झटकों, पूंजी के बाहर जाने और ढांचागत कमजोरियों जैसी कई समस्याओं के एक साथ आने की वजह से रुपया कमजोर हुआ है। उन्होंने कहा कि 2025-26 में असर डालने वाले कारक 2011-12 के कारकों से अलग हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में मुद्रा की शुरुआती गिरावट तब शुरू हुई जब अमेरिका ने भारत पर शुल्क लगाए, जिससे डॉलर की मांग में भारी उछाल आया। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष ने स्थिति को और खराब कर दिया, जिससे कच्चे तेल की कीमतें काफी बढ़ गईं और रुपये पर दबाव और तेज़ हो गया।

### रुपये 95 प्रति डॉलर के पार जाने के बाद संभला, 15 पैसे की बढ़त के साथ 94.70 पर हुआ बंद

**मुंबई:** रुपया सोमवार को दिन में कारोबार के दौरान अमेरिका मुद्रा के मुकाबले 95 के स्तर को भी लांघ गया लेकिन कारोबार के अंत में 15 पैसे की मजबूती के साथ 94.70 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, पश्चिम एशिया संघर्ष के 31वें दिन में प्रवेश करने से बाजारों में अनिश्चितता बनी रही और रुपये में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया। कारोबार के दौरान रुपये में 165 पैसे का उतार-चढ़ाव देखने को मिला।

## पीएसीएल घोटाला: ईडी ने निवेशकों का पैसा लौटाने के लिए 15,000 करोड़ रुपये की संपत्ति सौंपी

**नयी दिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उसने चंडीगढ़ स्थित पीएसीएल (पर्ल्स ग्रुप) के निवेश घोटाले में ठगे गए लोगों का पैसा लौटाने के लिए 15,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति एक विशेष समिति को सौंप दी है। यह संपत्ति उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त न्यायमूर्ति लोढ़ा समिति को सौंपी गई है ताकि पीड़ितों के बकाये का भुगतान किया जा सके। करीब 48,000 करोड़ रुपये के इस कथित घोटाले में धनशोधन रोधक कानून (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत ने 455 अचल संपत्तियों को लौटाने का आदेश दिया था। केंद्रीय जांच एजेंसी ने एक बयान में बताया कि इन संपत्तियों का वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 15,582 करोड़ रुपये है। धनशोधन रोधक कानून के तहत यह प्रावधान है कि धोखाधड़ी के शिकार लोगों, जैसे कि ठगे गए बैंक, जमाकर्ता और घर खरीदारों को उनकी संपत्ति या धन वापस लौटाया जा सकता है। अदालत का यह आदेश इसी नियम के तहत आया है। ईडी की यह जांच जुलाई, 2016 में शुरू हुई थी, जो सीबीआई द्वारा 2014 में पीएसीएल लिमिटेड और इसके दिवंगत प्रवर्तक निर्मल सिंह भंगू के खिलाफ दर्ज मामले पर आधारित थी। उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर ही केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने यह प्राथमिकी दर्ज की थी। भंगू की अगस्त, 2024 में मृत्यु हो चुकी है। उच्चतम न्यायालय ने फरवरी, 2016 में बाजार नियामक सेबी को भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश आर एम लोढ़ा की अध्यक्षता में एक समिति बनाने का निर्देश दिया था। इस समिति का काम संपत्तियों को बेचकर निवेशकों का पैसा लौटाने की प्रक्रिया की निगरानी करना है। जांच के अनुसार, पीएसीएल के आरोपियों ने खेती की जमीन की बिक्री और विकास के नाम पर पूरे भारत के लाखों निवेशकों से 60,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अवैध रूप से जुटाई थी। निवेशकों को किस्तों में पैसा जमा करने की भ्रामक योजनाओं का लालच दिया गया।



## न्यूज अपडेट

### चांदी में 7,000 रुपये का उछाल, सोना 3,700 रुपये मजबूत

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को कीमती धातुओं की कीमतों में लगभग तीन प्रतिशत का उछाल आया। शादी-विवाह के सीजन से पहले जौहरियों की ताजा लिवाली के कारण चांदी 7,000 रुपये चढ़कर 2.37 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, और सोना बढ़कर 1.51 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 7,000 रुपये, या 3.04 प्रतिशत बढ़कर 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई, जो शुक्रवार को बाजार बंद होने के समय 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 3,700 रुपये या 2.5 प्रतिशत बढ़कर 1,51,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। पिछले बाजार सत्र में सोने की कीमत 1,47,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

### केंद्र का राजकोषीय घाटा फरवरी तक 2025-26 के बजट लक्ष्य के 80.4 प्रतिशत पर

**नयी दिल्ली:** केंद्र का राजकोषीय घाटा फरवरी में 2025-26 के बजट लक्ष्य का 12.52 लाख करोड़ रुपये यानी 80.4 प्रतिशत रहा है। एक साल पहले इसी अवधि में यह 85.8 प्रतिशत था। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। केंद्र सरकार ने 2025-26 में राजकोषीय घाटा (व्यय और राजस्व के बीच का अंतर) सकल घरेलू उत्पाद के 4.4 प्रतिशत यानी 15.58 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान रखा है। महालेखा नियंत्रक (सीजीए) के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी, 2026 के अंत तक केंद्र की कुल प्राप्तियां 27.91 लाख करोड़ रुपये रहीं, जो बजट लक्ष्य का 82 प्रतिशत है। इन प्राप्तियों में 21.45 लाख करोड़ रुपये का कर राजस्व (शुद्ध) और 5.8 लाख करोड़ रुपये का गैर-कर राजस्व शामिल है।

### कोल इंडिया की इकाई सीएमपीडीआईएल का शेयर पहले दिन के कारोबार में 10 प्रतिशत टूटा

**नयी दिल्ली:** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया की इकाई सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टिट्यूट लिमिटेड (सीएमपीडीआईएल) का शेयर सोमवार को 172 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 10 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई पर शेयर का कारोबार 162.80 रुपये पर शुरू हुआ, जो निर्गम मूल्य से 5.34 प्रतिशत कम था। कारोबार के दौरान, इसमें 11.45 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 152.30 रुपये पर आ गया। कंपनी का शेयर बाद में 10.43 प्रतिशत की गिरावट के साथ 154.05 रुपये पर बंद हुआ। एनएसई पर 6.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ शेयर 160 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। अंततः यह 10.43 प्रतिशत की गिरावट के साथ 154.06 रुपये पर बंद हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 10,999.17 करोड़ रुपये रहा। सीएमपीडीआईएल के 1,842 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के अंतिम दिन गत मंगलवार को पूर्ण अभिदान मिला था।

### आरबीआई ने बैंकिंग प्रणाली में 84,582 करोड़ रुपये की नकदी डाली

**मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को दो 'परिवर्तनीय रेपो दर' (वीआरआर) नीलामी के माध्यम से बैंकिंग प्रणाली में 84,582 करोड़ रुपये की अस्थायी नकदी डाली है। नकदी डालने का अर्थ है कि केंद्रीय बैंक ने वाणिज्यिक बैंकों को अल्पकालिक ऋण उपलब्ध कराया है ताकि बाजार में धन की कमी न हो। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में बताया कि दिन की शुरुआत में पहली तीन-दिवसीय वीआरआर नीलामी के जरिये 50,001 करोड़ रुपये दिए गए। यह राशि 5.34 प्रतिशत की न्यूनतम स्वीकार्य दर और 5.44 प्रतिशत की भारित औसत दर पर दी गई। इसके बाद दिन में हुई दूसरी नीलामी में आरबीआई ने 5.26 प्रतिशत की न्यूनतम स्वीकार्य दर पर 34,581 करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी प्रणाली में शामिल की।



### अरुणाचल की नेदी एंजी, महाराष्ट्र के गोविंद पाडेकर ने 5000 मीटर में स्वर्ण पदक जीते

**रायपुर:** अरुणाचल प्रदेश की मध्यम दूरी की धाविका नेदी एंजी ने खेलो इंडिया ट्राइबल खेलों (केआईटीजी) के महिला 5000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक अपने नाम किया जबकि पुरुष वर्ग में शीर्ष दो स्थानों पर महाराष्ट्र के खिलाड़ियों ने दबदबा कायम किया। बारिश के कारण एथेलेटिक्स में शाम के सत्र का खेल संभव नहीं हुआ। नेदी ने अंतिम लैप तक खुद को नियंत्रित रखा और आखिरी 200 मीटर में फर्राटा दौड़ लगाकर 18:24.66 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। पुरुष वर्ग में महाराष्ट्र के गोविंद पडकेर (15:11.35 सेकंड) और सूरज मशी (15:11.64 सेकंड) ने संतुलित गति बनाए रखी और क्रमशः स्वर्ण तथा रजत पदक अपने नाम किए। नेदी की यह जीत अरुणाचल प्रदेश को पदक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंचाने में मददगार रही। प्रदेश के खाते में अब छह स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक हैं।

### भारत का 10वीं विश्व जूनियर वुशु चैंपियनशिप में ऐतिहासिक प्रदर्शन

**तियानजिन शहर (चीन):** भारतीय वुशु टीम ने 10वीं विश्व जूनियर वुशु चैंपियनशिप में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण सहित कुल नौ पदक जीते। भारतीय खिलाड़ियों ने फाइनल मुकाबलों में बेहतरीन तकनीक, आत्मविश्वास और बेहतरीन खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदकों के अलावा दो रजत और चार कांस्य पदक भी जीते। भारत ने विशेष रूप से सांडा (फाइटिंग) स्पर्धाओं में अपना दबदबा बनाया जिसमें थोंगबम उपेंद्रो (लड़के 45 किग्रा), नोंग्मैथेम पामहेइबा (जूनियर लड़के 52 किग्रा) और लोइटोंगबम विक्टर (युवा लड़के 52 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। युवराज ने 48 किग्रा युवा वर्ग में रजत पदक जीता जबकि गौतम मनकास (48 किग्रा जूनियर) और अनु (48 किग्रा युवा) ने कांस्य पदक हासिल किए। ताओलू (कलात्मक) स्पर्धाओं में, राजकुमारी लांचेनबी चानू (चांगक्वान लड़कियां) ने कांस्य पदक जीता जबकि कोंथौजम देविकारानी देवी ने एक रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किया।

# सूर्यवंशी के ताबड़तोड़ अर्धशतक से राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपरकिंग्स को रौंदा



**गुवाहाटी :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में राजस्थान रॉयल्स ने दमदार शुरुआत करते हुए चेन्नई सुपरकिंग्स को एकतरफा मुकाबले में 47 गेंद शेष रहते आठ विकेट से करारी शिकस्त दी। इस जीत के हीरो रहे युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी, जिन्होंने तूफानी अंदाज में अर्धशतक जड़कर मैच को पूरी तरह एकतरफा बना दिया। इससे पहले राजस्थान के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चेन्नई को 19.4 ओवर में महज 127 रन पर समेट दिया। नांद्रे बर्गर, जोफ्रा आर्चर और रविंद्र जडेजा ने दो-दो विकेट लेकर विपक्षी बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। शुरुआती ओवरों में तेज गेंदबाजों को मिली स्विंग का भरपूर फायदा उठाते हुए राजस्थान ने चेन्नई के शीर्ष क्रम को जल्दी पवेलियन भेज दिया। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन सस्ते में आउट हो गए, जिससे टीम दबाव में आ गई। चेन्नई की ओर से जैमी ओवरटन ने 36 गेंदों में 43 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली, लेकिन उन्हें अन्य बल्लेबाजों का साथ नहीं मिला। आठवें ओवर तक ही टीम छह विकेट खो चुकी थी और यहीं से उसकी वापसी की उम्मीदें लगभग खत्म हो गईं। 128 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत बेहद आक्रामक रही। युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने आते ही बड़े शॉट खेलने शुरू कर दिए। उन्होंने महज 17 गेंदों में 52 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें चार चौके और पांच छक्के शामिल रहे। सूर्यवंशी ने सिर्फ 15 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा कर रिकॉर्ड बना दिया और टीम की जीत की नींव रख दी। यशस्वी जायसवाल ने भी उनका शानदार साथ निभाया। दोनों ने पहले विकेट के लिए केवल 38 गेंदों में 75 रन जोड़कर मैच को पूरी तरह राजस्थान के पक्ष में झुका दिया। पावरप्ले के अंदर ही चेन्नई के गेंदबाज बेबस नजर आए। सूर्यवंशी के आउट होने के बाद भी राजस्थान की रन गति धीमी नहीं पड़ी। ध्रुव जुरेल ने तेजी से रन बनाते हुए टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाया। अंत में कप्तान रियान पराग और जायसवाल ने संयम से खेलते हुए 12.1 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। इस शानदार जीत के साथ राजस्थान रॉयल्स ने अपने अभियान की जोरदार शुरुआत की और यह स्पष्ट संकेत दिया कि इस सीजन में टीम खिताब की प्रबल दावेदार बनकर उभरेगी।

### भारत का 10वीं विश्व जूनियर वुशु चैंपियनशिप में ऐतिहासिक प्रदर्शन

**तियानजिन शहर (चीन) :** भारतीय वुशु टीम ने 10वीं विश्व जूनियर वुशु चैंपियनशिप में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण सहित कुल नौ पदक जीते। भारतीय खिलाड़ियों ने फाइनल मुकाबलों में बेहतरीन तकनीक, आत्मविश्वास और बेहतरीन खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदकों के अलावा दो रजत और चार कांस्य पदक भी जीते। भारत ने विशेष रूप से सांडा (फाइटिंग) स्पर्धाओं में अपना दबदबा बनाया जिसमें थोंगबम उपेंद्रो (लड़के 45 किग्रा), नोंग्मैथेम पामहेइबा (जूनियर लड़के 52 किग्रा) और लोइटोंगबम विक्टर (युवा लड़के 52 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। युवराज ने 48 किग्रा युवा वर्ग में रजत पदक जीता जबकि गौतम मनकास (48 किग्रा जूनियर) और अनु (48 किग्रा युवा) ने कांस्य पदक हासिल किए। ताओलू (कलात्मक) स्पर्धाओं में, राजकुमारी लांचेनबी चानू (चांगक्वान लड़कियां) ने कांस्य पदक जीता जबकि कोंथौजम देविकारानी देवी ने एक रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किया।

### पीसीबी ने विवादित ट्वीट के लिए नसीम पर 72,000 डॉलर का जुर्माना लगाया

**लाहौर :** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सोमवार को तेज गेंदबाज नसीम शाह पर विवादित सोशल मीडिया पोस्ट के लिए दो करोड़ पाकिस्तानी रुपये (72,000 डॉलर) का भारी जुर्माना लगाया लेकिन अब इस पोस्ट को हटा दिया गया है। इस पोस्ट में क्षेत्रीय संकट के दौरान पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के उद्घाटन मैच में पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज की मौजूदगी की आलोचना की गई थी। 2026 पीएसएल के पहले मैच के दौरान किए गए इस पोस्ट में गद्दाफी स्टेडियम में मरियम को दिए गए 'महारानी' जैसे शाही स्वागत पर व्यंग्य किया गया था। मरियम पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी और मौजूदा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की भतीजी हैं। मरियम के संदर्भ में नसीम ने पोस्ट किया था, ''उन्हें लॉर्ड्स की महारानी की तरह व्यवहार क्यों किया जा रहा है? ''

### शीतल देवी को विश्व तीरंदाजी ने 'वर्ष की सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज' चुना



**लुसाने:** भारत की शीतल देवी को विश्व तीरंदाजी ने वर्ष 2025 की सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना है जिनकी असाधारण उपलब्धियों में ऐतिहासिक विश्व चैम्पियनशिप खिताब शामिल है। जम्मू कश्मीर की 19 वर्ष की शीतल देवी विश्व पैरा चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली महिला भुजाहीन तीरंदाज बनी। उन्होंने पिछले साल दक्षिण कोरिया के ग्वांग्जू में महिला कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में खिताब जीता था। शीतल भुजायें नहीं होने के बावजूद अपने पैर और कंधे का इस्तेमाल करके तीरंदाजी करती हैं। वह विश्व चैम्पियनशिप में महिला टीम में रजत और मिश्रित टीम में कांस्य भी जीत चुकी है। विश्व तीरंदाजी ने कहा ,'भारत की शीतल देवी को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना गया है जिन्होंने पिछले साल बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विश्व खिताब समेत कई उपलब्धियां हासिल की।' शीतल ने पेरिस पैरालम्पिक में मिश्रित टीम में कांस्य पदक जीता था। वह एशियाई पैरा खेल 2022 और 2023 एशियाई चैम्पियनशिप में व्यक्तिगत रजत जीत चुकी है। शीतल ने सोमवार को एक्स पर लिखा ,'दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाजों के साथ नामांकन मिलना और अब विश्व तीरंदाजी द्वारा सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना जाना। इस सफर में जो भी मिला उसके लिये मेरा दिल कृतज्ञता और भावनाओं से भरा हुआ है। धन्यवाद।'

## राजस्थान रॉयल्स से जुड़ने के बाद मेरा लक्ष्य पावरप्ले का फायदा उठाने का था: सूर्यवंशी



**जयपुर:** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बीते सत्र में ऐतिहासिक पदार्पण के बाद राजस्थान रॉयल्स के उभरते हुए प्रतिभाशाली बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का मौजूदा सत्र में लक्ष्य गेंदबाजों पर हावी होकर पावरप्ले में दबदबा कायम करना है। इस 15 साल के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने पिछले सत्र में सात मैचों में 252 रन बनाए थे। इसमें 35 गेंदों में जड़ा गया तूफानी शतक और 200 से अधिक का स्ट्राइक रेट शामिल था। इस तरह के आंकड़ों ने उन्हें भारतीय क्रिकेट का बड़ा सितारा बना दिया। सूर्यवंशी का मानना है कि पावरप्ले में आक्रामक शुरुआत करने के बाद अब उनका लक्ष्य अपने विकेट की कीमत समझते हुए टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचाना है, ताकि विरोधी टीम के लिए लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल हो जाए। उन्होंने 'जियोस्टार' से कहा, जब मेरा चयन हुआ, तो मेरा एकमात्र लक्ष्य टीम को अच्छी शुरुआत देना था। मैं पावरप्ले में अपना स्वाभाविक खेल खेलना चाहता था और अगर अच्छी शुरुआत मिलती, तो विकेट बचाते हुए लंबी पारी खेलना चाहता था। उन्होंने कहा, मुझे पता था कि अगर मैं अपने शॉट्स सही से खेलता रहूं, तो मैच का रुख पलट सकता है क्योंकि 200 से अधिक रन का पीछा करना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होता। इस सत्र में हमारा लक्ष्य ट्रॉफी जीतना है। अगर हम ट्रॉफी जीतते हैं तो मेरा और टीम का प्रदर्शन अपने आप चर्चा में आ जाएगा और यही सबसे अहम है। आईपीएल में सबसे कम उम्र में पदार्पण करने वाले खिलाड़ी सूर्यवंशी ने इसी साल अंडर-19 विश्व कप फाइनल में 175 रनों की धमाकेदार पारी भी खेली थी। सूर्यवंशी ने यह भी बताया कि बचपन में जिन दो खिलाड़ियों से वह सबसे ज्यादा प्रेरित हुए, वे वेस्टइंडीज के दिग्गज ब्रायन लारा और भारत के विश्व कप विजेता स्टार युवराज सिंह हैं। लारा अपनी मैच जिताऊ टेस्ट पारियों के लिए मशहूर रहे, वहीं युवराज सिंह अपने बेखौफ शॉट्स से गेंदबाज़ों की धज्जियां उड़ाने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कहा, मैंने ब्रायन लारा और युवराज सिंह, दोनों को अकेले दम पर मैच खत्म करते देखा है। अगर वे क्रीज पर टिक जाते थे तो विरोधी टीम के लिए वापसी का कोई मौका नहीं होता था। मुझे उनकी यही बात सबसे ज्यादा पसंद आई।

### गिल को क्रिकेट की अच्छी समझ है : हेडन

**मुल्लांपुर:** गुजरात टाइटंस के बल्लेबाजी कोच मैथ्यू हेडन ने कप्तान शुभमन गिल की बल्लेबाजी और नेतृत्वकर्ता के तौर पर हुए विकास की तारीफ करते हुए कहा कि इस भारतीय स्टार की सोच में स्पष्टता और आत्मविश्वास ही उन्हें क्रिकेट के सबसे ऊंचे स्तर पर आगे बढ़ने में मदद कर रहा है। गुजरात टाइटंस मंगलवार को यहां अपने आईपीएल 2026 के पहले मैच में पंजाब किंग्स का सामना करेगी। हेडन ने कहा, 'शुभमन खेल के बारे में बहुत साफ बात करते हैं और इससे पता चलता है कि उन्हें क्रिकेट की अच्छी समझ है, निश्चित रूप से क्रिकेट के सबसे ऊंचे स्तर पर और टेस्ट क्रिकेट में भी।' उन्होंने कहा, आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। अगर आप चाहें तो कह सकते हैं कि उनके अंदर आज की पीढ़ी वाला थोड़ा 'स्वैग' (आत्मविश्वास से भरा अंदाज) भी है। मैं इस अहसास का सच में मजा लेता हूं कि सब कुछ उनके काबू में है और वह खुद को और अपनी किस्मत को खुद ही गढ़ रहे हैं।'

### अय्यर की निगाहों में अब पंजाब किंग्स के लिए खिताब जीतने की भूख पहले से कहीं ज्यादा: पोंटिंग



**मुल्लांपुर:** पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने सोमवार को कहा कि श्रेयस अय्यर के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की ट्रॉफी जीतने की ललक अब पहले से कहीं अधिक है जिससे वह 2026 सत्र में और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए बेताब हैं। पिछले साल टीम के कप्तान के तौर पर फ्रेंचाइजी से जुड़ने के बाद अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स ने ग्रुप चरण में अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था लेकिन उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। पोंटिंग ने यहां पत्रकारों से कहा,'पिछले साल बल्ले से हमने उनका जैसा खेल देखा, वह शायद आईपीएल में उनके अब तक के सबसे बेहतरीन प्रदर्शनों में से एक था। मैं उनकी आंखों में देख सकता हूं कि अब खिताब जीतने की ललक पहले से कहीं ज्यादा है।'

### पंकज आडवाणी खिताबी दौर में पहुंचे

**लुधियाना:** मशहूर क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने अपनी पहली पूल राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को यहां सेमीफाइनल में बड़ी जीत के साथ पुरुषों के 9-बॉल पूल खिताबी मुकाबले में जगह बना ली। पीएसपीबी के इस खिलाड़ी ने कर्नाटक के कुशल चंद्रशेखर को 11-5 से हराया। कुशल तीन साल पहले हुए पिछले चरण में पांचवें स्थान पर रहे थे। अब मंगलवार को होने वाले फाइनल में 40 साल के आडवाणी का सामना चंडीगढ़ के नितिन शर्मा से होगा जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में एस श्रीकृष्णा को 11-10 से हराया।

वर्ष 11, पूर्णांक 3547 अंक 013 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in